
DBD दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



# विकास वाला बजट

| 5,60,963 करोड़ | 6,06,855 करोड़ | 45,892 करोड़ | 1,36,234 करोड़ | 700,020 करोड़ |
|---|---|---|---|---|
| राजस्व जमा | राजस्व खर्च | राजस्व घाटा | राजकोषीय घाटा | कुल खर्च |

- **साल 2025-26 के लिए 7,00,020 करोड़ रुपये का बजट पेश**
- **बजट से ईवी और इलेक्ट्रॉनिक गाड़ियों पर बढ़ाया टैक्स**
- **नई उद्योग नीति बनाने का ऐलान, 50 लाख रोजगार का लक्ष्य**
- **मुंबई के दोनों हवाई अड्डों के बीच दौड़ेगी मेट्रो**
- **लाडली बहनों के लिए 36,000 करोड़ रुपये का प्रावधान**

**अमित बृज/धीरज सिंह | मुंबई**

महाराष्ट्र की देवेंद्र फडणवीस सरकार का पहला बजट 10 मार्च को पेश किया जा रहा है। वित्त मंत्री एवं उपमुख्यमंत्री अजीत पवार ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 7,00,020 करोड़ रुपये का बजट पेश किया। बजट में लाडकी बहिन योजना के लिए 36,000 करोड़ रुपये आवंटित किए, लेकिन भत्ता राशि में बढ़ोतरी की कोई घोषणा नहीं की। इसके साथ ही सीएनजी और एलपीजी वाहनों पर मोटर वाहन कर में एक प्रतिशत की वृद्धि का भी प्रस्ताव रखा गया। मुंबई महानगर क्षेत्र को अंतरराष्ट्रीय स्तर के आर्थिक विकास केंद्र यानी ग्रोथ हब के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया गया है। बजट में नई औद्योगिक नीति की घोषणा की गई।



## राजकोषीय घाटा और व्यय का अनुमान

सरकार ने बजट में राजकोषीय घाटा 1,36,234 करोड़ रुपये और कुल व्यय 7,00,020 करोड़ रुपये रहने का अनुमान जताया है। राजस्व प्राप्तियां 5,60,963 करोड़ रुपये जबकि राजस्व व्यय 6,06,855 करोड़ रुपये रहने की बात कही गई है। सरकार राजकोषीय उत्तरदायित्व एवं वित्तीय प्रबंधन अधिनियम के अनुसार राजकोषीय घाटे को सकल राज्य आय के 3 प्रतिशत से नीचे रखने में भी सफल रही है। इसके अलावा, राज्य का राजस्व घाटा लगातार सकल राज्य आय के 1 प्रतिशत से कम बना हुआ है। वर्ष 2025-26 के लिए राजकोषीय घाटा 1,36,235 करोड़ रुपये है।

## मेट्रो विकास कार्य

- मुंबई, नागपुर और पुणे महानगरों के नागरिकों के लिए कुल 143 .57 किमी लंबा मेट्रो रूट . प्रतिदिन लगभग 10 लाख यात्रियों को लाभ
- आने वाले वर्ष में मुंबई में 41.2 किमी, पुणे में 23 .2 किमी, कुल 64 .4 किमी लंबी मेट्रो लाइनें शुरू की जाएंगी, अगले 5 वर्षों में कुल 237 .5 किमी लंबी मेट्रो लाइनें चालू की जाएंगी .
- 6 हजार 708 करोड़ रुपये की लागत से नागपुर मेट्रो के दूसरे फेज का 43 .80 किमी लंबा काम प्रगति पर

## राज्य स्तरीय सामान्य विभागवार व्यय

| विभाग | प्रस्तावित व्यय (करोड़ रुपए) |
|---|---|
| महिला एवं बाल विकास विभाग | 31907.00 |
| ऊर्जा | 21534.00 |
| लोक निर्माण-सड़कें (सार्वजनिक उपक्रमों को छोड़कर) | 19079.00 |
| जल संसाधन | 15932.00 |
| ग्रामीण विकास | 11480.00 |
| शहरी विकास | 10629.00 |
| कृषि | 9710.00 |
| योजना | 9060.45 |
| अन्य पिछड़ा बहुजन कल्याण | 4368.00 |
| मृदा एवं जल संरक्षण | 4247.00 |
| जल आपूर्ति एवं स्वच्छता | 3875.00 |
| सार्वजनिक स्वास्थ्य | 3827.00 |
| गृह (परिवहन) | 3610.00 |
| स्कूल शिक्षा | 2959.00 |
| सामाजिक न्याय | 2923.00 |
| चिकित्सा शिक्षा एवं दवाएं | 2517.00 |
| वन | 2507.00 |
| गृह पुलिस | 2237.00 |
| नियोजन-रोजगार गारंटी योजना | 2205.00 |
| पर्यटन | 1973.00 |
| उच्च शिक्षा | 810.00 |
| विकलांग कल्याण | 1526.00 |
| लोक निर्माण-सड़कें (सार्वजनिक उपक्रम) | 857.00 |
| तकनीकी शिक्षा | 2288.00 |
| लोक निर्माण-भवन | 1367.00 |
| सामान्य प्रशासन | 1299.50 |
| गृह निर्माण | 1246.55 |
| सांस्कृतिक कार्य | 1186.00 |
| सूचना एवं प्रौद्योगिकी | 1052.50 |
| उद्योग | 1021.00 |
| सहकारी | 855.00 |
| अल्पसंख्यक विकास | 812.00 |
| कौशल विकास, रोजगार और उद्यमिता | 807.00 |
| कपड़ा उद्योग | 774.00 |
| कानून और न्याय | 759.00 |
| बागवानी | 708.00 |
| राहत एवं पुनर्वास | 638.00 |
| सूचना एवं जनसंपर्क | 547.00 |
| महाराष्ट्र विधानमंडल सचिवालय | 547.00 |
| खेल | 537.00 |
| खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति | 526.00 |
| होम- बंदरगाह | 484.00 |
| राजस्व | 474.00 |
| लाभ क्षेत्र विकास | 411.00 |
| मार्केटिंग | 323.00 |
| पशुपालन | 390.00 |
| पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन | 245.00 |
| मत्स्य पालन | 240.00 |
| वित्त | 208.00 |
| श्रम | 171.00 |
| गृह-राज्य उत्पाद शुल्क | 153.00 |
| खरभूमि | 113.00 |
| मराठी भाषा | 225.00 |
| खाद्य एवं औषधि प्रशासन | 57.00 |
| डेयरी | 5.00 |
| सभी विभागों का कुल व्यय | 190242.00 |

## उद्योग विकास पर जोर

- महाराष्ट्र की नई औद्योगिक नीति 2025 की घोषणा जल्द ही की जाएगी, जिसके अनुसार 5 वर्षों में 40 लाख करोड़ रुपये का निवेश और 50 लाख रोजगार सृजन होगा.
- मुंबई मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र को अंतरराष्ट्रीय मानक के 'ग्रोथ हब' के रूप में विकसित किया जाएगा, सात स्थानों बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, कुर्ला-वर्ली, वडाला, गोरेगांव, नवी मुंबई, खारघर और विरार-बोइसर में अंतरराष्ट्रीय मानक व्यापार केंद्र बनाए जाएंगे.
- गढ़चिरौली जिला 'स्टील हब' के रूप में उभरेगा. गढ़चिरौली जिले में खनन राजमार्गों का नेटवर्क विकसित करने के लिए पहले चरण में लगभग 500 करोड़ रुपये दिए जाएंगे.
- राज्य में 'महाराष्ट्र टेक्निकल टेक्सटाइल मिशन' की स्थापना
- नागपुर में ₹शहरी हाट केंद्र₹ की स्थापना

## बुनियादी ढांचे का विकास

- पालघर जिले में बंदरगाह के विकास में राज्य सरकार की 26 प्रतिशत भागीदारी
- वाधवान बंदरगाह के पास मुंबई के लिए तीसरा एयरपोर्ट, गडवान बंदरगाह के पास मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन स्टेशन, यह बंदरगाह समृद्धि राजमार्ग से भी जुड़ेगा।
- गेटवे ऑफ इंडिया, मुंबई से मांडवा, एलीफेंटा तक यात्रा करने वाली नौकाओं के लिए वित्तीय प्रोत्साहन नीति
- एशियन डेवलपमेंट बैंक परियोजना चरण-3 के तहत 6 हजार 589 करोड़ रुपये की लागत से 23 कार्य कराए जाएंगे।
- प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना फेज-3, वर्ष 2025-26 के लिए 1500 किमी सड़कों का लक्ष्य
- मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना फेज-3 में 1,000 से अधिक आबादी वाले 3,582 गांवों को 14,000 किमी लंबी सीमेंट कंक्रीट सड़कों के साथ प्रमुख जिला सड़कों, राज्य राजमार्गों या राष्ट्रीय राजमार्गों से जोड़ेगी। परियोजना लागत 30,100 करोड़ रुपये
- विदर्भ और मराठवाड़ा के किसानों के लिए समृद्धि राजमार्ग के किनारे कृषि-लॉजिस्टिक्स हब विकसित करेंगे
- ठाणे से नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट तक एलिवेटेड रूट का निर्माण।
- वीर सावरकर सागरी सेतु-बांद्रा से वर्सोवा- 14 किलोमीटर लंबा, लागत 18 हजार 120 करोड़ रुपये मई, 2028 तक पूरा हो जाएगा
- पुणे से शिरूर 54 किमी लंबी एलिवेटेड रोड 7 हजार 515 करोड़ रुपये की लागत से बनाई जाएगी
- तलेगांव से चाकन 25 किमी लंबी चार स्तरीय एलिवेटेड रोड- अनुमानित लागत 6 हजार 499 करोड़ रुपये

## MVA ने बजट पर उठाए कई सवाल

महाराष्ट्र की महायुति सरकार के उप मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री अजित पवार द्वारा सोमवार को पेश किया गया बजट विपक्ष को रास नहीं आया। बजट पेश किए जाने के बाद विपक्ष ने सरकार पर लाडली बहनों एवं किसानों से वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए विधानसभा से वॉकआउट किया और सदन की सीढ़ियों पर आंदोलन शुरू कर दिया। विपक्ष के नेताओं ने बजट पर कई सवाल उठाए है।

### जनादेश को अपमान करने वाला बजट : उद्धव ठाकरे



पूर्व मुख्यमंत्री एवं शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने कहा कि सरकारी तिजोरी में पैसा नहीं है इसलिए इस सरकार के संकल्प का भी कोई महत्व नहीं है। ठाकरे ने विधानसभा चुनाव के दौरान जारी किया महायुति का एक विज्ञापन दिखाते हुए कहा था, 'बड़े-बड़े झांसे देकर महाराष्ट्र को कर्ज के दलदल में फंसा दिया। बजट के बाद आयोजित पत्रकार परिषद में ठाकरे ने कहा कि यह जनादेश का अपमान करने वाला बजट है। ये जो उनकी जीत है; हमारे विचार से, यह फर्जी मतदान, ईवीएम घोटाला, डबल वोटिंग का नतीजा है। लेकिन यदि सरकार को लगता है कि महाराष्ट्र की जनता ने उन्हें बहुमत से चुना है, तो यह बजट उस बहुमत का अपमान करने वाला है।

### सरकार ने किया किसानों को धोखा देने का पाप : वडेट्टीवार




विधानसभा में कांग्रेस विधायक दल के नेता विजय वडेट्टीवार ने कहा कि महायुति ने उन अत्यंत लाडली बहनों, किसानों, वंचितों और आदिवासियों के साथ विश्वासघात किया, जिनके वोटों से महायुति सरकार सत्ता में आई। चुनाव से पहले गुलाबी जैकेट पहनने वाले अब गुलाबी जैकेट और अपनी लाडली बहनों को भूल गए हैं।

### मेरे महाराष्ट्र को कहां पहुंचा दिया : अंबादास दानवे



विधान परिषद में विपक्ष के नेता अंबादास दानवे ने कहा कि यह बजट किसानों के मुंह पर तमाचा है और उनकी लाडली बहनों के साथ धोखा है। चुनाव से पहले सरकार ने अपने चुनावी घोषणापत्र में घोषणा की थी कि वह लाडली बहनों को 2100 रुपए देगी।

### ध्येय हीन एवं नीतिहीन खोखला बजट : हर्षवर्धन सपकाल



कांग्रेस महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने कहा कि यह दिशाहीन, ध्येय हीन एवं नीतिहीन खोखला बजट है। सरकार ने किसानों, महिलाओं एवं आम जनता से विश्वासघात किया है।

### सरकार का बजट सेवन हेवन जैसा : जयंत पाटिल



राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के नेता जयंत पाटिल ने कहा कि सरकार ने घोषित योजनाओं के जरिए आम जनता सेवन हेवन में पहुंचाने यानी सपनों का सब्जबाग दिखाने का प्रयास किया है। इसमें कार से यात्रा करने वालों के लिए पुलों और सुरंगों के अनेक संकेत लगे हुए हैं।

## एयरपोर्ट

- छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट से नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे तक मेट्रो लाइन का काम जल्द ही शुरू किया जाएगा.
- नवी मुंबई के उल्वे में 1 हजार 160 हेक्टेयर क्षेत्र में नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा 85 प्रतिशत पूरा हो गया है, अप्रैल, 2025 में घरेलू उड़ानें शुरू होंगी.
- नागपुर में डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर इंटरनेशनल एयरपोर्ट का अपग्रेडेशन और आधुनिकीकरण
- अमरावती में बेलोरा हवाई अड्डा पूरा हो गया, यात्री सेवाएं 31 मार्च, 2025 से शुरू होंगी
- रत्नागिरी एयरपोर्ट का 147 करोड़ रुपये का कार्य प्रगति पर है.
- अकोला एयरपोर्ट के विस्तार के लिए जरूरी धन उपलब्ध कराए जाएंगे

## कृषि और संबंधित क्षेत्र

- नानाजी देशमुख कृषि संजीवनी परियोजना का दूसरा चरण, 21 जिलों के 7 हजार 201 गांवों में लागू किया जाएगा, 351 करोड़ 42 लाख रुपये का परिव्यय बांस आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए राज्य में 4,300 करोड़ रुपये की बांस वृक्षारोपण परियोजना लागू की जाएगी.
- 2100 करोड़ रु. की बालासाहेब ठाकरे कृषि व्यवसाय और ग्रामीण परिवर्तन-स्मार्ट परियोजनाओं को लागू करेंगे.
- बीज, मशीनरी, उर्वरक और कृषि उपज के परिवहन के लिए एक नई योजना 'बलिराजा शेट और पैनंद रोड' शुरू करेगी.

## भूमिगत मार्ग के लिए 64,783 करोड़ के प्रोजेक्ट शुरू



अजित पवार ने बताया कि मुंबई में यातायात को सुचारू करने और तेज गति देने के लिए 64,783 करोड़ रुपये की लागत से भूमिगत मार्ग परियोजनाएं शुरू की गई हैं। वहीं, वर्धा के पवना से सिंधुदुर्ग जिले के पाथरादेवी तक 760 किलोमीटर लंबे 86,300 करोड़ रुपये की लागत वाले शक्तिपीठ कॉरिडोर के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इसके अलावा, एक्सप्रेसवे पर मिसिंग लिंक का निर्माण कार्य भी तेजी से चल रहा है, जो अगस्त तक पूरा कर लिया जाएगा। मुंबई उपनगरों में यातायात की रफ्तार बढ़ाने के लिए वर्सोवा से भाईंदर, मुलुंड से गोरेगांव, ठाणे से बोरीवली और ऑरेंज गेट से मरीन ड्राइव तक भूमिगत मार्ग बनाने का काम शुरू कर दिया गया है।

## समृद्धि महामार्ग का काम 99 प्रतिशत पूरा



समृद्धि महामार्ग का निर्माण कार्य लगभग 99 प्रतिशत तक पूरा हो चुका है, जिसमें कुल 64 हजार करोड़ रुपये की लागत आई है। एशियाई विकास बैंक परियोजना का पहला चरण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। दूसरे चरण के तहत 3,939 करोड़ रुपये की लागत से 468 किलोमीटर सड़कों के सुधार कार्य शुरू किए गए थे, जिनमें से अब तक 350 किलोमीटर का काम पूरा कर लिया गया है। तीसरे चरण के अंतर्गत 755 किलोमीटर लंबी सड़कों पर कुल 6,589 करोड़ रुपये की लागत से 23 परियोजनाएं शुरू की गई हैं। इसके अलावा, संशोधित हाइब्रिड एन्युइटी योजना के तहत 6,000 किलोमीटर लंबी सड़कों का सीमेंट कंक्रीटकरण किया जा रहा है, जिसकी कुल लागत 36,964 करोड़ रुपये है।

## सामाजिक क्षेत्र

- अगले पांच वर्षों में 'सभी के लिए आवास' के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए राज्य की एक नई आवास नीति जल्द ही घोषित की जाएगी.
- प्रधानमंत्री आवास योजना - शहरी के लिए 8 हजार 100 करोड़ रुपये का फंड
- साइबर सुरक्षा के लिए महाराष्ट्र साइबर क्राइम सिक्योरिटी कॉर्पोरेशन की स्थापना की जाएगी
- प्रदेश में 18 नये न्यायालयों की स्थापना

## पर्यटन और स्मारक

- पर्यटन नीति-2024 के माध्यम से 10 वर्षों में पर्यटन क्षेत्र में 1 लाख करोड़ रुपये का निवेश
- आगरा में छत्रपति शिवाजी महाराज का भव्य स्मारक
- पुणे के अंबेगांव में शिव सृष्टि परियोजना के लिए 50 करोड़ का फंड
- कोंकण के संगमेश्वर में छत्रपति संभाजी महाराज का भव्य स्मारक बनाया जाएगा




## 5 साल में 237 किमी का होगा मेट्रो नेटवर्क

अजित पवार ने बताया कि महानगरों में यात्रियों को वातानुकूलित और सुविधाजनक सफर देने के लिए मेट्रो परियोजनाओं पर तेजी से काम चल रहा है। मुंबई और पुणे में कुल 64 किमी के मेट्रो मार्ग शुरू किए जाएंगे। अगले पांच वर्षों में 237 किलोमीटर लंबे मेट्रो नेटवर्क का निर्माण किया जाएगा। नागपुर मेट्रो का पहला 40 किलोमीटर का चरण पूरा हो चुका है। वहीं, ठाणे मेट्रो और पुणे मेट्रो के विस्तार को भी मंजूरी दी गई है। इसके अलावा, मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट से नवी मुंबई के नए एयरपोर्ट को जोड़ने के लिए एक विशेष मेट्रो सेवा शुरू करने की योजना बनाई गई है।

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पॉन्सिबिलिटी है


# आरबीआई को आयकर विभाग द्वारा जब्त पुराने नोट स्वीकार करने का निर्देश

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

बॉम्बे हाई कोर्ट ने कोल्हापुर के निवासियों के एक समूह के पक्ष में फैसला सुनाया है, जिसमें भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) को आयकर छापे के दौरान जब्त किए गए पुराने विमुद्रीकृत नोटों में 20 लाख रुपये स्वीकार करने का निर्देश दिया गया है।





### क्या है मामला?

26 दिसंबर, 2016 को याचिकाकर्ताओं के यहां आयकर छापा पड़ा, जबकि 500 और 1000 रुपये के पुराने नोट जमा करने की अंतिम तारीख 31 दिसंबर, 2016 थी। बाद में, 17 जनवरी, 2017 को सरकार ने जब्त की गई राशि वापस कर दी, लेकिन तब तक बैंकों में पुराने नोट स्वीकार नहीं किए जा रहे थे। RBI ने उनकी अपील अस्वीकार कर दी, क्योंकि वे तय समय सीमा के भीतर नोट जमा नहीं कर सके।

### याचिकाकर्ताओं का पक्ष

निवासियों का कहना था कि देरी उनकी गलती नहीं थी, क्योंकि छापे के दौरान जब्त किए गए नोट सरकारी हिरासत में थे। अधिवक्ता उदय शंकर समुद्रला ने दलील दी कि यदि धन जब्त नहीं किया गया होता, तो याचिकाकर्ता समय पर इसे जमा कर सकते थे।

### हाई कोर्ट का फैसला

बॉम्बे हाई कोर्ट ने निवासियों के पक्ष में फैसला सुनाते हुए RBI को उनके 20 लाख रुपये स्वीकार करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने माना कि याचिकाकर्ताओं की गलती नहीं थी और सरकारी हिरासत में होने के कारण वे समय पर नोट जमा नहीं कर पाए।

### RBI का तर्क

RBI के वरिष्ठ अधिवक्ता वेंकटेश धोंड ने निर्धारित बैंक नोट (देयता समाप्ति) अधिनियम, 2017 का हवाला दिया, जिसमें समय सीमा के बाद जमा किए गए नोटों के लिए सीरियल नंबर देना अनिवार्य था। उन्होंने दावा किया कि जब्ती प्रक्रिया के दौरान लापरवाही के कारण याचिकाकर्ता ये नंबर प्रस्तुत नहीं कर सके।

# वागले एस्टेट के कचरा ट्रांसफर स्टेशन में लगी आग

## दो घंटे में काबू

**डीबीडी संवाददाता । ठाणे**

वागले एस्टेट स्थित सीपी तलाव के कचरा ट्रांसफर स्टेशन में सोमवार सुबह आग लग गई। घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। ठाणे नगर निगम (TMC) के आपदा प्रबंधन प्रमुख यासीन तड़वी ने बताया कि आग लगने की सूचना सुबह 7:53 बजे मिली, जिसके बाद दमकल की एक गाड़ी, एक बचाव वाहन और जंबो वॉटर टैंक मौके पर भेजे गए। दमकल कर्मियों ने दो घंटे में आग पर काबू पा लिया और कूलिंग ऑपरेशन शुरू किया।

### लगातार दूसरी आग की घटना, रहवासियों में रोष



पिछले शुक्रवार को भी इसी स्थान पर भीषण आग लगी थी, जिससे पूरे इलाके में काले धुएं का गुबार फैल गया था। कचरा ट्रांसफर स्टेशन से उठने वाली दुर्गंध से आसपास के निवासियों को परेशानी हो रही है।

### स्थानीय लोगों और शिवसेना कार्यकर्ताओं ने जताया विरोध

शिवसेना के एकनाथ शिंदे गुट के कार्यकर्ताओं ने टीएमसी से मांग की कि इस साइट पर कचरा डंपिंग बंद की जाए और ट्रांसफर सेंटर को कहीं और स्थानांतरित किया जाए। उन्होंने ठेकेदार को भी चेतावनी दी कि कचरा वैन को साइट पर जाने से रोका जाए।

### कचरा डंपिंग व्यवस्था में बदलाव

टीएमसी अधिकारियों ने जानकारी दी कि फिलहाल कचरा वैन को दाईघर प्रसंस्करण संयंत्र में भेजा जा रहा है। सीपी तलाव केंद्र एक अंतरिम स्थल के रूप में कार्य करता था, जहां कचरा छोटे वाहनों से लाकर अस्थायी रूप से रखा जाता था।

## जायंट्स ग्रुप ऑफ भिवंडी सहेली द्वारा महिला बाइक रैली का आयोजन




**भिवंडी।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में 9 मार्च 2025 को जायंट्स ग्रुप ऑफ भिवंडी सहेली द्वारा महिला बाइक रैली का आयोजन किया गया। यह रैली छत्रपति शिवाजी महाराज चौक से एमएच 04 टर्फ, अंजुरफाटा तक निकाली गई, जिसमें 300 से अधिक महिलाओं ने स्कूटर और बाइक के साथ भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन जायंट्स वेलफेयर फाउंडेशन 1सी के अध्यक्ष किशोर देसाई और कांचन नेने ने झंडा दिखाकर किया। इस अवसर पर सहायक वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक सोनाली पाटिल और प्रसिद्ध एथलीट व ट्रैकर नूरजहाँ शेख मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।

## इंडिया पोस्ट ने भारत की जीत पर विशेष रद्दीकरण किया जारी



**मुंबई।** इंडिया पोस्ट ने पुरुष क्रिकेट चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भारत की ऐतिहासिक जीत का जश्न मनाने के लिए एक विशेष रद्दीकरण जारी किया। महाराष्ट्र सर्किल के मुख्य पोस्टमास्टर जनरल अमिताभ सिंह ने 9 मार्च 2025 को मुंबई जीपीओ में इसका अनावरण किया। यह विशेष रद्दीकरण भारत की खेल उत्कृष्टता और राष्ट्रीय गौरव को दर्शाता है, जो क्रिकेट प्रेमियों और डाक टिकट संग्रहकर्ताओं के लिए एक अनमोल स्मृति चिन्ह होगा। इस अवसर पर पोस्टमास्टर जनरल सुचिता जोशी, निदेशक डाक सेवाएँ मनोज कुमार और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने उपस्थिति दर्ज कराई। जनता के लिए यह विशेष रद्दीकरण अब मुंबई जीपीओ में उपलब्ध है।

## महाराष्ट्र विधानमंडल ने भारतीय क्रिकेट टीम को चैंपियंस ट्रॉफी जीत पर दी बधाई




**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानमंडल के दोनों सदनों ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीतने पर भारतीय क्रिकेट टीम को बधाई दी। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने विधानसभा में प्रस्ताव पेश किया, जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि भारत तीन बार चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाला दुनिया का पहला देश बन गया है। उन्होंने कप्तान रोहित शर्मा की 76 रनों की पारी को अविस्मरणीय बताते हुए उनकी कप्तानी की सराहना की। उन्होंने कहा कि भारत क्रिकेट जगत में अग्रणी है और इस जीत ने पूरे देश को गौरवान्वित किया है। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने विधान परिषद में प्रस्ताव पेश करते हुए कहा कि भारतीय टीम ने पूरे टूर्नामेंट में एक भी मैच नहीं हारा और गौतम गंभीर के मार्गदर्शन में 12 साल बाद यह ट्रॉफी अपने नाम की। उन्होंने विराट कोहली, शुभमन गिल, श्रेयस अय्यर, अक्षर पटेल, केएल राहुल, रवींद्र जडेजा, हार्दिक पांड्या, मोहम्मद शमी, कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती के शानदार प्रदर्शन की भी सराहना की। विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर और विधानपरिषद के सभापति ने इस प्रस्ताव को मंजूर कर भारतीय क्रिकेट टीम को भेजने का निर्देश दिया।

## रेसकोर्स से हाजी अली तक सफर होगा आसान

**मुंबई।** मुंबई महानगरपालिका (BMC) ने मुंबई सेंट्रल पब्लिक पार्क को मुंबई कोस्टल रोड से जोड़ने की योजना पर काम तेज कर दिया है। रेसकोर्स से हाजी अली तक आवागमन को आसान बनाने के लिए कनेक्टर बनाने की योजना के तहत सलाहकार कंपनी नियुक्त कर दी गई है। 170 एकड़ खुली जगह को महालक्ष्मी रेसकोर्स के 120 एकड़ क्षेत्र से जोड़ेगा। लाला लाजपत राय कॉलेज गेट से शुरू होकर एनी बेसेंट रोड से होते हुए लोटस जेट्टी और हाजी अली तक पहुंचेगा। पैदल यात्रियों के लिए स्काईवॉक, फुट ओवर ब्रिज (FOB) और अंडरपास के विकल्पों का अध्ययन जारी। BMC न्यूयॉर्क के सेंट्रल पार्क और लंदन के हाइड पार्क की तर्ज पर 'मुंबई सेंट्रल पब्लिक पार्क' विकसित करेगी। 300 एकड़ में फैले इस पार्क के अध्ययन और लेआउट तैयार करने के लिए सलाहकार कंपनी को जिम्मेदारी दी गई है। अगले 8-10 दिनों में प्राथमिक रिपोर्ट प्रस्तुत होगी, जिसके बाद टेंडर प्रक्रिया शुरू की जाएगी।


चेंबूर मधुगिरी हाउसिंग सोसाइटी मामला

## पुनर्विकास को हाईकोर्ट की मंजूरी

### नया डेवलपर मिलेगा

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

बॉम्बे हाईकोर्ट ने चेंबूर स्थित मधुगिरी को-ऑपरेटिव हाउसिंग सोसाइटी लिमिटेड को नया डेवलपर चुनने की अनुमति दे दी है। कोर्ट ने हेरिटेज लाइफस्टाइल एंड डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड की वह अपील खारिज कर दी, जिसमें उसने सोसाइटी द्वारा पुनर्विकास समझौता समाप्त करने को चुनौती दी थी।



### क्या है मामला?

2013 में हेरिटेज को दो इमारतों के पुनर्विकास के लिए चुना गया था, जिसमें 7,340 वर्ग गज में फैले 84 फ्लैट शामिल थे। 2014 में हस्ताक्षरित विकास समझौते (DA) के तहत 1,09,220 वर्ग फीट पुनर्विकास क्षेत्र में से 62,700 वर्ग फीट सोसाइटी के सदस्यों को मिलना था, शेष हेरिटेज के पास रहता। लेकिन अतिरिक्त विकास अधिकारों (TDR) पर असहमति हुई, जिससे पुनर्विकास क्षेत्र 1,63,620 वर्ग फीट तक बढ़ गया।

### विवाद और हाईकोर्ट का फैसला

हेरिटेज ने 95,000 वर्ग फीट अपने पास रखने और मधुगिरी को 68,620 वर्ग फीट देने का प्रस्ताव दिया, जिसे सोसाइटी ने खारिज कर दिया। 21 जनवरी 2024 को सोसाइटी ने डेवलपर का समझौता समाप्त कर दिया, जिसे हाईकोर्ट ने वैध माना। न्यायमूर्ति सोमशेखर सुंदरसन ने 14 अक्टूबर, 2024 को मध्यस्थ न्यायाधिकरण के आदेश को बरकरार रखते हुए हेरिटेज को अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया।

उल्हासनगर ट्रेन हादसा

## समय पर नहीं पहुंची 108 एंबुलेंस, महिला ने गंवाए दोनों पैर

**डीबीडी संवाददाता । उल्हासनगर**



महाराष्ट्र के उल्हासनगर रेलवे स्टेशन पर शनिवार को एक महिला ट्रेन दुर्घटना का शिकार हो गई, जिससे उसके दोनों पैर कट गए। हादसे के बाद 108 एंबुलेंस को बुलाया गया, लेकिन यह समय पर नहीं पहुंची, जिससे महिला को लगभग 2 घंटे तक इंतजार करना पड़ा।

### 108 एंबुलेंस नहीं आई, प्राइवेट एंबुलेंस ने मांगे 3,500 रुपये

घायल कमल साबले को पहले रेलवे स्टेशन पर एक घंटे तक एंबुलेंस का इंतजार करना पड़ा। जब एंबुलेंस आई, तो उसे सेंट्रल अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे सायन अस्पताल रेफर कर दिया गया। हालांकि, सायन अस्पताल ले जाने के लिए दोबारा 108 एंबुलेंस नहीं पहुंची। परिजनों ने प्राइवेट एंबुलेंस की मदद लेने की कोशिश की, लेकिन उसने 3,500 रुपये की मांग की। पत्रकारों के पूछताछ के बाद सेंट्रल अस्पताल ने अपनी एंबुलेंस उपलब्ध कराई, तब जाकर महिला को सायन अस्पताल भेजा गया।

### 108 एंबुलेंस सेवा पर सवाल

इससे पहले भी उल्हासनगर सेंट्रल अस्पताल में 6 घंटे तक एंबुलेंस न पहुंचने के कारण एक मरीज की मौत हो चुकी है। यह घटना 108 एंबुलेंस सेवा की अविश्वसनीयता को उजागर करती है। सरकार से मांग की गई है कि 108 एंबुलेंस सेवा में सुधार किया जाए। डॉक्टरों पर कार्रवाई की बजाय एंबुलेंस प्रणाली की जवाबदेही तय की जाए। आवश्यकतानुसार अधिक एंबुलेंस की व्यवस्था की जाए।

## आरएसएस ट्रेनिंग कैंप पर पत्थरबाजी, पुलिस जांच में जुटी

**डीबीडी संवाददाता । डोंबिवली**



महाराष्ट्र के ठाणे जिले के डोंबिवली में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के ट्रेनिंग कैंप पर पत्थरबाजी की घटना सामने आई है। रविवार रात हुई इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ, लेकिन इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### एक महीने में दूसरी घटना

एक स्थानीय आरएसएस कार्यकर्ता ने दावा किया कि एक महीने में दूसरी बार प्रशिक्षण सत्रों पर हमला हुआ है। इससे पहले राजस्थान के जयपुर में भी आरएसएस के कार्यक्रम पर चाकू और डंडों से हमला हुआ था, जिसमें कई स्वयंसेवक घायल हुए थे।

### सुरक्षा के कड़े इंतजाम

डोंबिवली में सुरक्षा के मद्देनजर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और जल्द ही आरोपियों की पहचान की जाएगी।

### सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

तिलकनगर पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ निरीक्षक विजय कुमार कदम ने बताया कि हमलावरों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया जा रहा है। घटना के समय मैदान में आरएसएस के बच्चे प्रशिक्षण ले रहे थे।

## शादी का झांसा देकर महिला से कई बार दुष्कर्म

**डीबीडी संवाददाता । ठाणे**

महाराष्ट्र के ठाणे जिले में एक 22 वर्षीय युवक पर 29 वर्षीय महिला से शादी का झांसा देकर कई बार दुष्कर्म करने का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने रविवार को बताया कि आरोपी ने फरवरी 2023 से दिसंबर 2024 के बीच इस अपराध को अंजाम दिया।

### कोई गिरफ्तारी नहीं, पुलिस कर रही जांच

कपूरबावड़ी पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि महिला की शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है, लेकिन अभी तक आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## बाइक सवार युवक-युवती की मौत

### सड़क हादसा

**डीबीडी संवाददाता । पालघर**

महाराष्ट्र के पालघर जिले में मुंबई-अहमदाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर रविवार सुबह एक भीषण सड़क हादसा हुआ, जिसमें बाइक सवार युवक और युवती की दर्दनाक मौत हो गई। यह दुर्घटना धनिवारी गांव के पास हुई, जब उनकी बाइक गलत तरीके से लगाए गए डिवाइडर से टकरा गई। 28 वर्षीय चेतन निकोले और 21 वर्षीय रानी सुरेश बोर्सा की मौके पर ही मौत हो गई। कासा पुलिस थाने के निरीक्षक अविनाश मंडले ने बताया कि घटनास्थल के पास एक पुल निर्माण परियोजना चल रही थी, जिससे ट्रैफिक डायवर्ट किया गया था।



### पुलिस जांच में जुटी

कासा पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और अज्ञात वाहन चालक की तलाश जारी है। साथ ही, डिवाइडर को गलत तरीके से लगाने वाले ठेकेदार और संबंधित विभाग की जिम्मेदारी तय करने के लिए जांच शुरू कर दी गई है।

### स्थानीय लोगों का आक्रोश, प्रशासन से कार्रवाई की मांग

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, डिवाइडर स्पष्ट रूप से नजर नहीं आ रहा था, जिससे यह हादसा हुआ। टक्कर के बाद सड़क पर गिरे दोनों युवकों को एक अनजान वाहन ने कुचल दिया, जिससे उनकी तुरंत मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है और उन्होंने प्रशासन से लापरवाही दूर करने की मांग की है।

## ठाणे मनपा गणेश मूर्ति निर्माताओं को मुफ्त उपलब्ध कराएगा शाडू मिट्टी और जगह

**डीबीडी संवाददाता । ठाणे**

पर्यावरण-अनुकूल गणेशोत्सव को प्रोत्साहित करने के लिए ठाणे महानगरपालिका (ठाणे मनपा) मूर्तिकारों को मुफ्त शाडू मिट्टी और मूर्ति निर्माण के लिए स्थान उपलब्ध कराएगा। अब तक 10 मूर्तिकारों ने मिट्टी और 5 ने स्थान के लिए आवेदन किया है। मनपा ने इच्छुक मूर्तिकारों से 15 मार्च तक आवेदन करने की अपील की है।

### जल्द पूरी होगी टेंडर प्रक्रिया



पर्यावरण विभाग प्रमुख मनीषा प्रधान ने कहा कि मूर्तिकारों को शीघ्र शाडू मिट्टी उपलब्ध कराने के लिए टेंडर प्रक्रिया जल्द पूरी की जाएगी। हालांकि, कलवा और वर्तकनगर वार्ड समिति को छोड़कर अन्य क्षेत्रों से अभी तक भूमि के लिए कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है।

### पर्यावरण पूरक गणेशोत्सव नियम लागू

ठाणे मनपा आयुक्त सौरभ राव के निर्देशानुसार 16 जनवरी को मूर्तिकारों और सार्वजनिक गणेश मंडलों के साथ बैठक हुई थी, जिसमें पर्यावरण-अनुकूल गणेशोत्सव के नियम तय किए गए। 3 फरवरी को 'पर्यावरण पूरक गणेशोत्सव नियम 2025' भी जारी किया गया। मूर्तिकारों से जल्द आवेदन करने की अपील की गई है।

## नशे के लिए पैसे न देने पर बेटे ने मां को पीटा, गिरफ्तार

**डीबीडी संवाददाता । बदलापुर**

महाराष्ट्र के ठाणे जिले में नशे के लिए पैसे न देने पर एक युवक ने अपनी 53 वर्षीय मां की बेरहमी से पिटाई कर दी। पुलिस ने आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर लिया है।



### आरोपी के खिलाफ केस दर्ज

पुलिस के अनुसार, 6 मार्च की सुबह 22 वर्षीय आरोपी ने अपनी मां से ड्रग्स के लिए पैसे मांगे। जब मां ने इनकार किया, तो उसने उसे लात मारी और रॉड से हमला कर दिया, जिससे महिला की आंख में चोट आई। बदलापुर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 115(2) और 118(1) के तहत मामला दर्ज किया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## बांद्रा टर्मिनस और भावनगर टर्मिनस के बीच स्पेशल ट्रेन

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**



पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा अतिरिक्त भीड़ को समायोजित करने के लिए बांद्रा टर्मिनस और भावनगर टर्मिनस स्टेशनों के बीच विशेष किराये पर स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, ट्रेन संख्या 09013 बांद्रा टर्मिनस-भावनगर टर्मिनस सुपरफास्ट स्पेशल मंगलवार, 11 मार्च, 2025 को 19:25 बजे बांद्रा टर्मिनस से प्रस्थान करेगी और अगले दिन 09:00 बजे भावनगर टर्मिनस पहुंचेगी। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 09014 भावनगर टर्मिनस-बांद्रा टर्मिनस सुपरफास्ट स्पेशल गुरुवार, 13 मार्च, 2025 को भावनगर टर्मिनस से 04:00 बजे प्रस्थान करेगी और उसी दिन 17:00 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुंचेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरीवली, वापी, उधना, वडोदरा, अहमदाबाद, विरमगाम, सुरेंद्रनगर गेट, बोटाद, ढोला, सोनगढ़ और सिहोर गुजरात स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में स्लीपर क्लास और जनरल सेकेंड क्लास कोच होंगे।

## कपिल पाटिल के जन्मदिन पर भिवंडी में भव्य बैलगाड़ी दौड़

**डीबीडी संवाददाता । भिवंडी**

पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री कपिल पाटिल के जन्मदिन के अवसर पर भिवंडी तालुका के इताडे गांव में भव्य बैलगाड़ी दौड़ का आयोजन किया गया। इस रोमांचक प्रतियोगिता में 250 से अधिक बैलगाड़ियों ने भाग लिया। हजारों ग्रामीणों और किसानों की उपस्थिति में इस आयोजन को जबरदस्त प्रतिसाद मिला।



### कपिल पाटिल ने खुद दौड़ में लिया हिस्सा

कपिल पाटिल ने स्वयं बैलगाड़ी चलाकर इस पारंपरिक खेल का अनुभव लिया। इस मौके पर जिला परिषद के पूर्व सदस्य देवेश पाटिल भी उपस्थित थे। प्रतियोगिता का आयोजन इताडे गांव के सरपंच जगन पाटिल ने किया था।

## सांसद बाल्या मामा ने पडघा टोल वसूली की समीक्षा

### भ्रष्टाचार उजागर करने की चेतावनी

**डीबीडी संवाददाता । भिवंडी**

मुंबई-नासिक हाईवे पर गड्ढों से भरी सड़कों और धीमी निर्माण प्रक्रिया को लेकर भिवंडी लोकसभा सांसद सुरेश म्हात्रे उर्फ बाल्या मामा ने शनिवार को पडघा टोल नाके का निरीक्षण किया। उन्होंने आरोप लगाया कि टोल प्रशासन सिर्फ वसूली पर ध्यान दे रहा है, लेकिन सड़क सुधार और यात्रियों की सुविधाओं की अनदेखी कर रहा है।

### टोल वसूली की निगरानी के लिए तीन दिवसीय निरीक्षण



सांसद बाल्या मामा ने टोल भ्रष्टाचार को उजागर करने के लिए शुक्रवार, शनिवार और रविवार को अपने कार्यकर्ताओं को तैनात किया है। ये कार्यकर्ता दिन-रात वाहनों की आवाजाही और टोल वसूली की निगरानी कर रहे हैं। सांसद ने कहा, 'टोल प्रशासन यात्रियों को सुविधाएं देने में लापरवाही बरत रहा है। जब सुविधाओं की मांग होती है, तो टोल न वसूले जाने की बहानेबाजी शुरू हो जाती है।'

### भ्रष्टाचार पर होगी कार्रवाई

बाल्या मामा ने चेतावनी दी कि जल्द ही टोल कंपनी की अनियमितताओं का खुलासा किया जाएगा और इसमें शामिल राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और टोल से जुड़ी गड़बड़ियों पर सख्त कदम उठाए जाएंगे।

# सुप्रीम कोर्ट ने बॉम्बे हाईकोर्ट के आदेश पर लगाई रोक

## पुणे के रेस्तरां को 'बर्गर किंग' नाम इस्तेमाल करने की मिली अनुमति

**मुंबई/नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बॉम्बे हाईकोर्ट के उस आदेश पर रोक लगा दी है, जिसमें पुणे के एक रेस्तरां को 'बर्गर किंग' ट्रेडमार्क के इस्तेमाल से रोका गया था। यह रोक तब तक लागू रहेगी जब तक अमेरिकी फास्ट फूड चेन 'बर्गर किंग' द्वारा किए गए ट्रेडमार्क उल्लंघन के दावे पर सुनवाई और फैसला नहीं हो जाता।



### क्या है मामला?

पुणे के रेस्तरां 'बर्गर किंग' के मालिक अनहिता ईरानी और शपूर ईरानी 1992 से इस नाम से व्यवसाय चला रहे हैं। अमेरिकी फास्ट फूड कंपनी 'बर्गर किंग कॉर्पोरेशन' ने 2011 में इस नाम के उपयोग पर आपत्ति जताई और ट्रेडमार्क उल्लंघन का दावा किया। बॉम्बे हाईकोर्ट ने दिसंबर 2024 में रेस्तरां को 'बर्गर किंग' नाम इस्तेमाल करने से रोक दिया था।

### सुप्रीम कोर्ट का आदेश

जस्टिस बी.वी. नागरत्ना और सत्येंद्र चंद्र शर्मा की बेंच ने हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगाते हुए कहा कि हाईकोर्ट इस मामले पर जल्द फैसला कर सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने बर्गर किंग कॉर्पोरेशन की याचिका पर नोटिस जारी किया, लेकिन पुणे के रेस्तरां को अस्थायी राहत दी।

### बर्गर किंग कॉर्पोरेशन का दावा

अमेरिकी कंपनी का कहना है कि पुणे के रेस्तरां का नाम उनके ब्रांड की प्रतिष्ठा और व्यापार को नुकसान पहुंचा रहा है। उन्होंने अस्थायी रोक की मांग की थी, जब तक कि इस विवाद पर अंतिम फैसला न हो जाए। अब सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के बाद पुणे के रेस्तरां को 'बर्गर किंग' नाम का इस्तेमाल जारी रखने की अनुमति मिल गई है, लेकिन हाईकोर्ट में मामले की सुनवाई जारी रहेगी।

# माता-पिता के होते हुए संपत्ति पर दावा नहीं कर सकते बच्चे : कोर्ट

## झूठे अपहरण का दावा करने पर हाईकोर्ट ने सौतेले बेटे को फटकारा, फ्लैट खाली करने का आदेश

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

बॉम्बे हाईकोर्ट ने सौतेली मां के अपहरण की झूठी कहानी गढ़ने पर एक व्यक्ति को कड़ी फटकार लगाई और उसे तुरंत कांदिवली (पश्चिम) स्थित फ्लैट खाली करने का आदेश दिया। अदालत ने कहा कि माता-पिता के जीवित रहते हुए संतान संपत्ति पर कोई कानूनी अधिकार नहीं जता सकती।



### क्या है मामला?

यूफेमिया हेंड्रिक्स और उनके दिवंगत पति एंड्रयू हेंड्रिक्स के नाम यह फ्लैट था। एंड्रयू के जनवरी 2022 में निधन के बाद, फरवरी 2022 में यूफेमिया को उनके सौतेले बेटे ने फ्लैट से बेदखल कर दिया। तब से वे अपनी 84 वर्षीय बहन मॉरीन गोंसाल्वेस के साथ रह रही थीं।

### हाईकोर्ट ने न्यायाधिकरण के आदेश को सही ठहराया

सौतेले बेटे ने माता-पिता और वरिष्ठ नागरिक कल्याण न्यायाधिकरण के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें उसे फ्लैट खाली करने के लिए कहा गया था। हाईकोर्ट की जस्टिस जी. एस. कुलकर्णी और जस्टिस अद्वैत एम. सेठना की पीठ ने न्यायाधिकरण के फैसले को सही ठहराया और कहा कि इसमें कोई अवैधता नहीं है।

### अपहरण के दावे पर कोर्ट ने जताया संदेह

यूफेमिया की सेहत को लेकर अदालत के अतिरिक्त प्रोटोनोटरी और सीनियर मास्टर ने रिपोर्ट पेश की, जिसके आधार पर अदालत ने कहा, ₹आंशिक अल्जाइमर से पीड़ित व्यक्ति का अपहरण किया जा सकता है, यह विश्वास करना मुश्किल है।

### सौतेले बेटे के लिए निर्देश

उसे फ्लैट तुरंत खाली करना होगा। हर रविवार को 15 मिनट की वर्चुअल मुलाकात की अनुमति दी गई। भरण-पोषण का बकाया भुगतान और सोसाइटी की मासिक राशि जमा करनी होगी। कोर्ट ने यह भी कहा कि यूफेमिया की देखभाल उसकी बहन मॉरीन गोंसाल्वेस द्वारा की जाएगी।

# मुंबई मेट्रो से जुड़े कानूनी विवाद में नया मोड़

## विदेशी फर्म सिस्ट्रा ने एमएमआरडीए के खिलाफ याचिका वापस ली

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

फ्रेंच कंपनी सिस्ट्रा एमवीए कंसल्टिंग (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड ने मुंबई मेट्रोपॉलिटन रीजन डेवलपमेंट अथॉरिटी (एमएमआरडीए) और महाराष्ट्र सरकार के खिलाफ बॉम्बे हाईकोर्ट में दायर याचिका वापस ले ली है। कंपनी ने मुंबई मेट्रो प्रोजेक्ट्स में एमएमआरडीए द्वारा समय विस्तार देने से इनकार करने के फैसले को चुनौती दी थी।



### हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान याचिका वापस लेने का फैसला

सोमवार को सुनवाई के दौरान सिस्ट्रा के वकील वेंकटेश ढोंड ने अदालत को सूचित किया कि कंपनी ने याचिका वापस लेने का निर्णय लिया है। इस पर महाराष्ट्र सरकार के वकील डॉ. बीरेंद्र सराफ ने कहा कि सरकार ने कंपनी को ऐसा करने के लिए नहीं कहा था। इसके बाद मुख्य न्यायाधीश आलोक अराधे और न्यायमूर्ति भारती डांगरे की पीठ ने सिस्ट्रा को याचिका वापस लेने की अनुमति दे दी।

### एमएमआरडीए-सिस्ट्रा विवाद की पृष्ठभूमि

एमएमआरडीए ने मई 2021 में मुंबई मेट्रो के प्रोजेक्ट्स के लिए सिस्ट्रा को जनरल कंसल्टेंट और कुछ लाइनों (2ए, 7) के लिए डिज़ाइन प्रोवाइडर के रूप में नियुक्त किया था। हालांकि, 3 जनवरी 2025 को एमएमआरडीए ने सिस्ट्रा की सेवाएं समाप्त करने का नोटिस जारी किया, जबकि कॉन्ट्रैक्ट 42

### सिस्ट्रा का कदम रणनीतिक?

ऐसा माना जा रहा है कि सिस्ट्रा नहीं चाहती कि जब मामला हाईकोर्ट में चल रहा हो, तो वह एमएमआरडीए के खिलाफ खड़ी दिखे। इसलिए कंपनी ने याचिका वापस लेने का फैसला किया।

### हाईकोर्ट ने एमएमआरडीए को दोबारा विचार करने को कहा था

पिछले महीने बॉम्बे हाईकोर्ट ने एमएमआरडीए के इस निर्णय को मनमाना और बिना उचित कारण करार देते हुए नई सुनवाई के बाद दोबारा विचार करने का निर्देश दिया था। बताया जा रहा है कि हाईकोर्ट के फैसले के बाद फ्रांसीसी दूतावास भी इस मामले में शामिल हुआ और महाराष्ट्र सरकार और एमएमआरडीए से बातचीत की।

# हवा में 8 घंटे तक अटकी रही 322 लोगों की सांसें

## न्यूयॉर्क जाने वाली एयर इंडिया फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी, वापस लौटी मुंबई

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

एयर इंडिया के मुंबई से न्यूयॉर्क जा रहे विमान को बम से उड़ाने की धमकी मिली। इसके बाद आनन-फानन में प्लेन को वापस मुंबई एयरपोर्ट पर लैंड करवाना पड़ा। यह घटना सुबह करीब साढ़े 10 बजे पेश आई है। एयर इंडिया के इस प्लेन ने छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट से न्यूयॉर्क के लिए उड़ान भरी थी। लेकिन बीच रास्ते में ही विमान में बम रखे होने की धमकी मिली, जिसके बाद प्लेन को वापस मुंबई एयरपोर्ट पर लैंड कराया गया।



### वॉशरूम में मिला धमकी भरा नोट

बताया जा रहा है कि विमान के शौचालय में एक नोट मिला, जिसमें लिखा था कि प्लेन में बम रखा हुआ है। हालांकि अब तक जांच में कुछ सामने नहीं आया है। सूत्रों की मानें तो यह महज एक झूठी धमकी थी। इस विमान में कुल 303 यात्री और 19 क्रू मेंबर्स मौजूद थे। विमान ने रात 2 बजे मुंबई से उड़ान भरी और सुबह 10 .25 पर वापस लौट आया।

### क्या कहा एयर इंडिया के अधिकारी ने?

एयर इंडिया ने एक बयान में कहा, आज 10 मार्च 2025 को मुंबई-न्यूयॉर्क (जेएफके) उड़ान भरने वाली एआई 119 में उड़ान के दौरान एक संभावित सुरक्षा खतरे का पता चला। आवश्यक प्रोटोकॉल का पालन करने के बाद, विमान में सवार सभी लोगों की सुरक्षा के हित में विमान को वापस मुंबई ले जाया गया।

### अब विमान फिर कब उड़ान भरेगा?

एयरलाइन के अनुसार, भारतीय समय के अनुसार विमान सुबह 10 बजकर 25 मिनट पर मुम्बई में सुरक्षित उतरा। विमान की सुरक्षा एजेंसियों द्वारा अनिवार्य जांच की जा रही है। एयर इंडिया अधिकारियों को अपना पूरा सहयोग दे रहे हैं। उड़ान का समय बदल दिया गया है। अब विमान 11 मार्च की सुबह 5 बजे उड़ान भरेगा। एयरलाइन ने कहा कि सभी यात्रियों को तब तक होटल में आवास, भोजन और अन्य सहायता की पेशकश की गई है। बोइंग 777-300 ईआर विमान में 19 चालक दल के सदस्यों सहित 322 लोग सवार थे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार विमान में बम होने की धमकी मिली थी। विमान के एक शौचालय में एक नोट मिला।

# राज ठाकरे की टिप्पणी पर भाजपा विधायक नितेश राणे का पलटवार



**मुंबई।** महाराष्ट्र के मंत्री और भाजपा विधायक नितेश राणे ने महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे की गंगा नदी की सफाई पर टिप्पणी को लेकर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि राज ठाकरे को प्रधानमंत्री मोदी के 'नमो गंगे' अभियान की पूरी जानकारी नहीं है और उन पर हिंदू धर्म के अपमान का आरोप लगाया। नितेश राणे ने कहा कि राज साहब को पीएम मोदी के नेतृत्व में चल रहे स्वच्छता अभियान 'नमो गंगे' की अधूरी जानकारी है। किसी को भी हिंदू धर्म का अपमान करने का अधिकार नहीं है। मैंने उन्हें कभी बकरीद पर बकरों की कुर्बानी पर सवाल उठाते नहीं देखा।

# प्रतियोगी परीक्षा सहायता में अनियमितता का आरोप

## भाजपा विधायकों ने की जांच की मांग

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

महाराष्ट्र में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों को दी जाने वाली वित्तीय सहायता में अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए भाजपा विधायकों ने सामाजिक न्याय मंत्री संजय शिरसाट पर निशाना साधा और जांच की मांग की।



### भाजपा विधायकों का आरोप

भाजपा एमएलसी निरंजन डावखरे ने विधान परिषद में सारथी, बाराती, महाज्योति और टीआरटीआई जैसी सरकारी संस्थाओं द्वारा संचालित परीक्षाओं को लेकर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ सरकारी अधिकारियों और कोचिंग संस्थानों ने मिलीभगत कर छात्रों को वित्तीय नुकसान पहुंचाया।

### भाजपा नेताओं ने एसआईटी जांच की मांग की

भाजपा के एमएलसी प्रवीण दारकेकर, परिणय फुके और श्रीकांत भारतीय ने विशेष जांच दल (SIT) से जांच की मांग तेज कर दी। एमएलसी सदाभाऊ खोत ने दावा किया कि छात्रों की वित्तीय सहायता के लिए वार्षिक बजट 700 करोड़ रुपये है, जिसमें हर साल 300 करोड़ रुपये की हेराफेरी होती है।

### संजय शिरसाट का जवाब

राज्य के सामाजिक न्याय मंत्री संजय शिरसाट ने कहा कि अब तक छात्रों की ओर से कोई शिकायत नहीं आई है और सरकार यह आकलन करेगी कि इस वित्तीय सहायता से वास्तव में कितने छात्रों को लाभ मिला।

### जांच समिति गठित

परिषद अध्यक्ष राम शिंदे ने मंत्री संजय शिरसाट को निर्देश दिया कि वे मामले की जांच शुरू करें और अधिकारियों की जवाबदेही तय करें। इसके बाद शिरसाट ने घोषणा की कि अतिरिक्त मुख्य सचिव (वित्त) की अध्यक्षता में जांच समिति गठित की जाएगी।

# नवी मुंबई एयरपोर्ट से जुड़ेगी मुंबई मेट्रो

## महाराष्ट्र सरकार का बड़ा ऐलान

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

महाराष्ट्र के वित्त मंत्री अजीत पवार ने सोमवार को बजट पेश किया। इसमें परिवहन को मजबूत करने के लिए कई बड़ी घोषणाएं की गईं। उन्होंने बताया कि मुंबई मेट्रो को छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (CSMIA) से नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (NMIA) तक जोड़ा जाएगा।



### मेट्रो, हाईवे और बुलेट ट्रेन को प्राथमिकता

मुंबई, नागपुर और पुणे में कुल 143 .57 किमी मेट्रो लाइनें जल्द ही चालू होंगी। पुणे में 2 किमी और मुंबई में 23 .2 किमी सहित अगले पांच वर्षों में 64 .4 किमी नई मेट्रो लाइनें तैयार होंगी। मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन स्टेशन वधावन बंदरगाह के पास स्थापित किया जाएगा। वधावन बंदरगाह को समृद्धि महामार्ग से जोड़ा जाएगा और यह 2030 तक चालू होगा।

### नवी मुंबई एयरपोर्ट अप्रैल 2025 से शुरू होगा

अजित पवार ने बताया कि नवी मुंबई के उल्वे में 1,160 हेक्टेयर में बनने वाला एयरपोर्ट 85% पूरा हो चुका है और अप्रैल 2025 से घरेलू उड़ानें शुरू हो जाएंगी। शिरडी हवाई अड्डे पर जल्द ही रात में लैंडिंग की सुविधा शुरू होगी, जिससे यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी।

**पश्चिम रेलवे**

**वार्षिक रखरखाव अनुबंध**

सीनियर डीईई/टीआरएस/बीएल इलेक्ट्रिक लोको शेड, वलसाड -396 001, **ई-टेंडर सूचना संख्या: ईएल/टीआरएस/बीएल/23-24/डब्ल्यूओ/10आर2 दिनांक 06/03/2025 आमंत्रित करते हैं कार्य और स्थान:** कार्य: 2 वर्ष की अवधि के लिए एएमसी के दौरान स्पेयर पार्ट्स के प्रतिस्थापन सहित इलेक्ट्रिक लोको कैब रूफ माउंटेड एयर कंडीशनर का वार्षिक रखरखाव **अनुबंध; स्थान:** जैसा कि ऊपर बताया गया है; **लगभग कार्य की लागत:** 3460139.23; **ईएमडी:** 69,200; **जमा करने की तिथि और समय:** 31/03/2025, 12:00 बजे तक; **खुलने की तिथि और समय:** 31/03/2025 को 12:30 बजे; अधिक जानकारी के लिए कृपया **www.ireps.gov.in** पर जाएं
1167

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

एफ/एन वार्ड 96, भाऊ दाजी रोड, माटुंगा, मुंबई-400019, दूरभाष संख्या 24024253 एक्सटेंशन 200

संख्या. पीसीओ/एफएन/2633/एसआर दिनांक: 10/03/2025

**सूचना**

173 दिनों की अवधि के लिए एफ/एन वार्ड में मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, लेप्टोस्पायरोसिस, प्लेग, दस्त और उल्टी आदि बीमारियों को नियंत्रित करने के लिए कीटनाशक उपचार प्रदान करने के लिए स्वयंसेवक उपलब्ध कराने के लिए पंजीकृत सहकारी/बेरोजगार सेवा सहकारी संस्थाओं से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

इच्छुक संस्थाओं को बी.एम.सी. पोर्टल http://portal.mcgm.gov.in पर आवेदन पत्र डाउनलोड करना चाहिए अथवा कीट नियंत्रण अधिकारी, एफ/एन वार्ड, बृहन्मुंबई महानगरपालिका, एफ/उत्तर वार्ड, ग्राउंड फ्लोर, कमरा नंबर 8/96, भाऊ दाजी लाड मार्ग, मुंबई-400019, दूरभाष संख्या (कार्यालय) 022-24024355 एक्सटेंशन 107 के कार्यालय में संपर्क करना चाहिए।

कीट नियंत्रण अधिकारी के कार्यालय में आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 17/03/2025 कार्य दिवसों में दोपहर 2:00 बजे से पहले है।

हस्ता./-
(श्री नितिन चंद्रप्रताप शुक्ला)
सहायक आयुक्त एफ/एन वार्ड

पीआरओ/2748/ विज्ञा./2024-25

समय पर उपचार, बचाएं प्राण।

**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

**मुख्य अभियंता (यांत्रिक एवं विद्युत) विभाग**

संख्या. ई.ई.मेक/4403/रेफ दिनांक 10.03.2025

**ई-निविदा सूचना**

| | |
|---|---|
| विभाग | मुख्य अभियंता (एम एंड ई) |
| उप विभाग | उप मुख्य अभियंता (एम एंड ई) शहर/पूर्व अभियंता यांत्रिक (रेफ्रिजरेशन) 1) |
| बोली संख्या | 1)2025_एमसीजीएम_1158546_1 |
| विषय | 1) बीवाईएल नायर अस्पताल के रक्त केंद्र के लिए एक डीप फ्रीजर का प्रतिस्थापन और एक नए डीप फ्रीजर की खरीद। ई.ई. यांत्रिक/रेफ. /T-64 दिनांक 10.03.2025 |
| बोली आरंभ तिथि एवं समय | 11.03.2025 प्रातः 11:00 बजे |
| पूर्व बोली बैठक | उपलब्ध नहीं |
| बोली समाप्ति तिथि एवं समय | 18.03.2025 सायं 16.00 बजे |
| वेबसाइट | http://portal.www.mcgm.gov.in |
| संपर्क अधिकारी का नाम | श्री.ए.के.जम्भोरे |
| लैंड लाइन नं. | उपलब्ध नहीं |
| मोबाइल नं. | 9930128387 |
| ईमेल | eemechref.me@mcgm.gov.in |

हस्ता./-
ई.ई.मैकेनिकल (रेफ्रिजरेशन)

पीआरओ/2757/ विज्ञा./2024-25

समय पर उपचार, बचाएं प्राण।

संपादकीय

# बच्चों में बहरापन

यह आशंका अकसर जतायी जाती रही है कि लगातार कानों पर मोबाइल व ईयरफोन लगाने का बच्चों की श्रवण शक्ति पर नकारात्मक असर पड़ सकता है। अब हाल में हुए अध्ययन ने इसकी पुष्टि की है। विश्व स्वास्थ्य संगठन और केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय भी इस खतरे की पुष्टि कर रहे हैं। इसीलिए अभिभावकों को चेताया गया है कि बहुत अधिक स्क्रीन टाइम और गैजेट्स की तेज ध्वनि से बच्चों की रक्षा करें। दरअसल, डब्ल्यूएचओ की दक्षिण पूर्व एशिया की निदेशक साइमा वाजेद ने कहा है कि दुनिया में 1.40 अरब लोग इस संकट से प्रभावित हुए हैं। जिसमें 40 करोड़ लोग दक्षिण पूर्व एशिया में बधिरता से ग्रस्त हो रहे हैं। एक अध्ययन के अनुसार वर्ष 2050 तक 1.6 अरब लोग बधिरता से प्रभावित हो सकते हैं। जिनमें अधिकांश लोग मध्यम व कम आय वर्ग के होंगे। यूं तो साठ साल के बाद सुनने की क्षमता प्राकृतिक रूप से कम हो जाती है, लेकिन हाल के वर्षों में लगातार कानों में ईयरफोन आदि लगाने से यह संकट बच्चों में बढ़ता जा रहा है। खासकर वे बच्चे जो लगातार लेपटॉप व मोबाइल पर गेमिंग व अन्य कार्यक्रम तेज आवाज में घंटों सुनते रहते हैं। पहले कम सुनने की समस्या दिखायी देती है और कालांतर समस्या बहरेपन में तब्दील हो जाती है। दरअसल, कानों पर तकनीकी शोर का इतना अधिक दबाव बढ़ गया है कि बच्चे अपनी सुनने की प्राकृतिक क्षमता खोने लगे हैं। जो एक आसन्न गंभीर संकट को ही दर्शाता है। दरअसल, सबसे बड़ा संकट यह है कि आज मोबाइल फोन एक आवश्यक बुराई बन चुका है। आज नई पीढ़ी इस संबंध में मां-बाप की नसीहत पर ध्यान कम ही देती है। ऐसे में स्कूल-कालेजों में शिक्षकों व सामाजिक अभियानों से जुड़े लोगों को जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है। विभिन्न सूचना माध्यमों और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों से बच्चों को जागरूक करने के लिये मुहिम चलाने का कुछ लाभ जरूर मिल सकता है। प्रयास किया जाए कि न टाले जा सकने वाले कार्यक्रमों को कम आवाज के साथ सुना जाए। लेकिन विडंबना यह है कि हरदम कानों पर मोबाइल व ईयरफोन तथा बड्स आदि लगाना स्टेटस सिंबल बन गया। व्यक्ति खुद व्यस्त होने का दिखावा करता रहता है। विडंबना यह है कि जीवनशैली में आए बदलावों तथा शिक्षा कार्यों के लिये ऑनलाइन रहने की दलील देकर बच्चे भी मोबाइल-लेपटॉप आदि से चिपके रहने का बहाना ढूंढ ही लेते हैं। तेज आवाज का संगीत व कंसर्ट बच्चों को लुभाते हैं। ऐसे में अभिभावक बच्चों को इस संकट की भयावहता से अवगत कराएं तथा समय-समय पर उनके कानों का चेकअप कराते रहें। कोशिश हो रचनात्मक तरीके से उनकी इस आदत को बदलने का प्रयास किया जाए। वैसे भी महानगरों व भीड़भाड़ वाले इलाकों में ध्वनि प्रदूषण लगातार बढ़ता जा रहा है। जिसके खतरों को लेकर समाज में जागरूकता के प्रचार-प्रसार की सख्त जरूरत होती है। बच्चों को लेकर अभिभावकों व शिक्षकों की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है, क्योंकि उनके लंबे जीवन पर बहरेपन का संकट मंडराने का खतरा बढ़ता ही जा रहा है।

# संभव है ट्रम्प-पुतिन-मोदी शिखर सम्मेलन



ज्योति मल्होत्रा

एक सप्ताह पहले डोनाल्ड ट्रम्प और वोलोदिमीर ज़ेलेंस्की के बीच हुई तीखी नोक-झोंक अब इतिहास बन चुकी है। ओवल ऑफ़िस की उस सुबह दुनिया बदल गई और विश्व ने ताकत का अपरिष्कृत उपयोग होते देखा। अगर यूरोप – और यूक्रेनियन भी– शक्ति के ऐसे प्रयोग में शालीनता और शिष्टाचार की कमी को लेकर भड़क रहे हैं, तो शायद वे सही हैं। लेकिन इतना तो वे भी जानते हैं : यदि आप कुछ अंडे नहीं तोड़ सकते, तो ऑमलेट बनाना सरल नहीं। हैरानी जिस बात की है वह यह कि यूरोपीय और ब्रिटेन को झटका इस कदर लगा है। ब्रिटिश और फ्रांसीसी, जोकि सुरक्षा परिषद के वीटो पॉवर संपन्न स्थाई सदस्य हैं – इनके अलावा यूरोप महाद्वीप के वे तमाम अन्य देश जो विश्व मंच पर खुद को स्थापित करने की बेतहाशा कोशिश में हैं – अमेरिकी डॉलर की पीठ पर सवार होने के कारण, अमेरिकियों के सामने नतमस्तक रहे, कम से कम द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से। यूरोप का सबसे उघड़ा रहस्य यह है कि यूरोपीय लोगों के अंदर अनाकर्षक अमेरिकियों के प्रति व्याप्त घृणा बमुश्किल छिपी है– उन्हें तो सिर्फ उनका पैसा चाहिए। सुएज़ के पार, गर्मियों में पेरिस के बेकरी वाले सबसे महंगे बगेट (ब्रेड) बनाकर रखते हैं – जब फ्रांस की राजधानी पेरिस आने वाले अमेरिकी पर्यटकों की भारी भीड़ के कारण हर चीज़ खत्म हो जाती है, ठीक वैसे ही, जब उन सभी को हेमिंग्वे की किताब 'ए मूवेबल फीस्ट' के एक या अन्य संस्करण की तलाश भी रहती है। ट्रम्प एंड कंपनी – जेडी वेंस, एलन मस्क और अन्य की एक बात है कि उनके पास वह करने के वास्ते कोई वक्त नहीं है, जिसे जाने-माने पत्रकार शेखर गुप्ता 'तानपुरा-सेटिंग' कहते हैं। इसका मतलब है कि यूरोप, जिसे औपचारिक संवाद और व्यवहार में तमाम तरह का तामझाम और अलंकार बहुत पसंद है, जिसको 'इग्लाइट' और 'लिबर्टे' और यहां तक कि 'फ्रैटरनाइट' जैसे कलिष्ट शब्दों में पिरोया जाता है – हालांकि, यहां आपको उत्तरी अफ्रीका में फ्रांस के कुछ दशक पहले के इतिहास पर नज़र डालनी चाहिए, खासकर अल्जीरिया में, जहां के श्वेत फ्रांसीसी भी 'पाइड नोयर' या 'ब्लैक फीट' पुकारे जाते थे, क्योंकि वे मुख्यभूमि के फ्रांसीसियों जितने गोरे नहीं थे – यह सब आत्मा को इतना झकझोरने और उद्वेलित करने वाला है, क्योंकि वे जानते हैं कि आखिरकार उनके रखे अनाप-शाप दाम अटलांटिक पार से आए अमेरिकी ही चुका सकते हैं।

खैर, ट्रम्प और वेंस ने अभी-अभी घोषणा की है कि इस सारी 'तानपुरा-सेटिंग' का समय समाप्त हो चुका है। या फिर आप अपना 'तानपुरा सेट करना' जारी रख सकते हैं, लेकिन हमारे समय या हमारे पैसे की एवज पर नहीं। इसलिए यूक्रेन का अंतिम यूक्रेनी तक लड़ने का निर्णय मुबारक हो, लेकिन अमेरिकी पैसे पर नहीं। कम से कम अफगानिस्तान ने अमेरिका और यूरोप को एक बात सिखाई है – किसी और की लड़ाई लड़ने का मतलब यह नहीं है कि आपके फौजी इसमें मरें। शायद इसीलिए उन्होंने अपना अपराध बोध कम करने को अपनी थैली की डोरी ढीली की थी। ट्रम्प ने उस सुबह ओवल ऑफिस में यूरोप के पाखंड को उजागर किया। तीन साल से यूरोप और कनाडा व्लादिमीर पुतिन से लड़ने के लिए ज़ेलेंस्की को उकसाते आए है, सिवाय इसके कि अफ़गानिस्तान के उलट, वहां वे अपने फौजी मरवाने को तैयार नहीं हैं। दुनिया को इस दिशा में आगे बढ़ने में एक हफ़्ते से भी कम समय लगा। सिर्फ़ ज़ेलेंस्की ही नहीं, हर कोई ट्रम्प के नेतृत्व वाली 'नई साहसी दुनिया' के लिए तैयारी कर रहा है, क्योंकि वे जानते हैं कि उनके पास कोई और विकल्प नहीं है। हाल-फिलहाल केवल चीनी ही तनकर सामने खड़े हैं। इसके क्या मायने हैं, आप जानते हैं। ट्रंप भी मानते हैं कि उनका असली मुकाबला पुतिन से नहीं बल्कि शी जिनपिंग से है। किसी और के पास नहीं, केवल चीनियों के पास ही अमेरिकियों का सामना करने लायक ताकत और कूवत है। शायद इसीलिए ट्रंप 'रूसी भालू' को गले लगाना चाहते हैं – यह करके वे उसे चीनी नेता की ड्रैगन जैसी पकड़ से दूर रखना चाह रहे हैं। यह अविश्वसनीय है कि ट्रंप ने इस मूल सच्चाई को इतनी जल्दी बूझ लिया, लेकिन वाशिंगटन डीसी के बाकी लोगों के भेजे में सालों तक यह बात नहीं आई। अच्छा, तो फिर ट्रंप युग में भारतीय विदेश नीति को लेकर कोई क्या-क्या सोचे? स्पष्टतः, मोदी सरकार ने ट्रंप से जल्द मिलने को जाकर ठीक किया, भले ही यह उसी समय हुआ जब अमेरिकी राष्ट्रपति भारतीयों को असम्मानजनक तरीके से निर्वासित कर रहे थे। इसलिए मोदी ने कड़वी गोली जल्द निगल ली, क्योंकि उन्हें पता था कि उन्हें यह करना पड़ेगा – अमेरिकी राष्ट्रपति के सामने जल्दी पड़ना और अपनी बात कहना।

वाशिंगटन डीसी में मोदी की उपस्थिति से उनके पुराने नारे : 'अबकी बार, ट्रंप सरकार' की याद भी ताजा हो गई, जोकि बाइडेन के लिए ज़ेलेंस्की के समर्थन के एकदम उलट था। बाकी चीजें विदेश मंत्री एस जयशंकर चतुराई से साध रहे हैं। इसीलिए उन्होंने घोषणा कर दी कि भारत 'डी-डॉलराइजेशन' के साथ नहीं है, हालांकि रूस के कज़ान में चीन के नेतृत्व वाले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भारत ने ठीक यही करने में सहमति जताई थी, सालाना बजट पेश करने से पूर्व ही, लग्जरी मोटरसाइकिलों के लिए टैरिफ घटा दिया, क्योंकि अपने पिछले कार्यकाल में ट्रंप यही करवाना चाहते थे।

संक्षेप में, ट्रंप को खुश करने की कोशिश की जा रही है या कम से कम उन्हें शांत करने, उन्हें यह दिखाने की कि हमारा इरादा उनका नुकसान करने का नहीं है। आप जानते हैं कि वह एक अप्रत्याशित मिजाज़ वाले बंदे हैं- मैक्सिको और कनाडा पर जो शुल्क लगाने की उन्होंने हाल ही में घोषणा की थी, फिलहाल उस पर अमल टाल दिया है– सो उनको राज़ी रखने में भलाई है। यह दिखावा न करें कि आप गुटनिरपेक्ष हैं, जोकि आप वास्तव में नहीं हैं, और न ही उनके साथ अपनी दोस्ती बहुत गहरी होने के बारे में सार्वजनिक रूप से दम भरें, जैसा कि असुरक्षित 'दोस्तों' की आम आदत होती है। जहां तक आगामी अमेरिका-रूस संबंध मधुर होने की बात है, भारत के सामने पासा फेंका जा चुका है और बाज़ी खेलकर जीतनी होगी। यदि मोदी दांव अच्छे ढंग से खेल लेते हैं, तो पश्चिमी और पूर्वी, दोनों जगह भारत की स्थिति बेहतर बना पाएंगे। ट्रम्प-पुतिन-मोदी वाला एक शिखर सम्मेलन अब संभावना से बाहर नहीं है।

विराट कोहली, जिनके बारे में प्रधानमंत्री अक्सर ट्वीट करते रहते हैं, ने कुछ दिन पहले एक पाकिस्तानी बल्लेबाज, जिसके खिलाफ वे खेल रहे थे, उसके जूते के फीते बांधने के लिए झुककर राह दिखाई है, -यह उनके, उनकी खेल भावना और दुनिया में उनके रुतबे के सौम्य आत्मविश्वास का द्योतक है।

जीवन मंत्र

# यथार्थवादी नजरिया अपनाएं

यह एहसास एक तंत्र के रूप में कार्य कर सकता है, जो हमें किसी भी कठिनाई से निपटने में सक्षम बनाता है, चाहे हम किसी भी स्थिति का सामना कर रहे हों।

मिला है- मानव बुद्धि ! इस दुनिया में पैदा हरेक इंसान को यह क्षमता हासिल है कि वह दृढ़ निश्चयी बन सके और अपनी इच्छा से किसी भी दिशा में उस निश्चय का उपयोग कर सके।

मनुष्य के तौर पर कुदरत से हमें एक अद्भुत उपहार मिला है- मानव बुद्धि ! इस दुनिया में पैदा हरेक इंसान को यह क्षमता हासिल है कि वह दृढ़ निश्चयी बन सके और अपनी इच्छा से किसी भी दिशा में उस निश्चय का उपयोग करे। जब तक हम याद रखेंगे कि हमारे पास मानव-बुद्धि का अनुपम उपहार है और अपने अंदर दृढ़ संकल्प विकसित करने व उसके सकारात्मक उपयोग की हममें भरपूर क्षमता है, तब तक हम मानसिक रूप से स्वस्थ रहेंगे। हमारे पास ऐसी महान मानवीय क्षमता है, इस बात की स्वीकृति हमें असीम ताकत देती है। यह एहसास एक तंत्र के रूप में कार्य कर सकता है, जो हमें किसी भी कठिनाई से निपटने में सक्षम बनाता है, चाहे हम किसी भी स्थिति का सामना कर रहे हों। मैं एक ऐसे व्यक्ति के रूप में आपसे यह कह रहा हूं, जिसने 16 साल की उम्र में अपनी आजादी खो दी, और 24 की उम्र में अपना देश खो दिया। नतीजतन, मैं निर्वासन में रह रहा हूं।



इस दौरान हम तिब्बतियों ने तिब्बती पहचान, अपनी संस्कृति और मूल्यों को जीवितरखने के लिए खुद को समर्पित कर दिया। अमूमन तिब्बत से आने वाली खबरें हृदय विदारक होती हैं, पर कोई चुनौती हार मानने का आधार नहीं देती। मुझे एक नजरिया बहुत उपयोगी लगता है, और वह यह कि यदि स्थिति या समस्या ऐसी है, जिसका समाधान किया जा सकता है, तो चिंता करने की कोई आवश्यकता नहीं है। दूसरे शब्दों में, यदि समस्या का कोई समाधान है, कठिनाई से बाहर निकलने का कोई रास्ता है, तो उचित यह है कि आप उस दिशा में कदम बढ़ाएं! समाधान पर अपनी ऊर्जा खर्च करना ही अक्लमंदी है। यदि समस्या का कोई समाधान नहीं है; समाधान की कोई संभावना नहीं है, तो इसके बारे में चिंतित होने का कोई मतलब नहीं है, क्योंकि आप इसके बारे में वैसे भी कुछ नहीं कर सकते। ऐसे में, आप जितनी जल्दी इस बात को स्वीकार कर लेंगे, आपके लिए आगे बढ़ना उतना ही आसान होगा। इस जीवन-मंत्र का तात्पर्य है, समस्या का सीधे तौर पर सामना करना और यथार्थवादी दृष्टिकोण अपनाना। यथार्थवादी नजरिया और अपने लिए उचित प्रेरणा विकसित करना आपको भय व चिंता जैसी भावनाओं से बचा सकता है। यदि आप ईमानदार प्रेरणा विकसित करते हैं; यदि आप दया, करुणा और सम्मान के आधार पर मदद करने की इच्छा से प्रेरित हैं, तो आप किसी भी प्रकार का काम, किसी भी क्षेत्र में कर सकते हैं, बल्कि भयहीन होकर अधिक प्रभावी ढंग से कर सकते हैं।

शख्सियत | विश्वनाथन शांता

# भारतीय ऑन्कोलॉजिस्ट और रेमन मैग्सेसे पुरस्कार विजेता



विश्वनाथन शांता (11 मार्च 1927 - 19 जनवरी 2021) एक भारतीय ऑन्कोलॉजिस्ट और अड्यार कैंसर संस्थान , चेन्नई की अध्यक्ष थीं। वह अपने देश में सभी रोगियों के लिए गुणवत्ता और सस्ती कैंसर उपचार सुलभ बनाने की दिशा में अपने प्रयासों के लिए जानी जाती हैं। उन्होंने कैंसर रोगियों की देखभाल के आयोजन के मिशन के लिए खुद को समर्पित कर दिया, बीमारी का अध्ययन, इसकी रोकथाम और इलाज पर शोध, बीमारी के बारे में जागरूकता फैलाना, और ऑन्कोलॉजी की विभिन्न उप-विशिष्टताओं में विशेषज्ञों और वैज्ञानिकों को विकसित करना।

विश्वनाथन शांता 1955 से अड्यार कैंसर संस्थान से जुड़ी थीं और 1980 से 1997 के बीच संस्थान के निदेशक सहित कई पदों पर रहीं। उन्होंने स्वास्थ्य और चिकित्सा पर कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय समितियों के सदस्य के रूप में कार्य किया, जिसमें विश्व स्वास्थ्य संगठन की स्वास्थ्य पर सलाहकार समिति भी शामिल थी। शांता का जन्म 11 मार्च 1927 को चेन्नई के मायलापुर में एक प्रतिष्ठित परिवार में हुआ था , जिसमें दो नोबेल पुरस्कार विजेता शामिल थेः सीवी रमन (दादा) और एस चंद्रशेखर (चाचा)। उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा नेशनल गर्ल्स हाई स्कूल (अब लेडी सिवास्वामी अय्यर गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल) से की और 12 साल की उम्र तक उन्होंने डॉक्टर बनने का मन बना लिया था। उन्होंने प्रेसीडेंसी कॉलेज में अपनी प्री-मेडिकल की पढ़ाई की और 1949 में मद्रास मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस , 1952 में डीजीओ और 1955 में एमडी (प्रसूति एवं स्त्री रोग में) की डिग्री हासिल की। जब डॉ. मुथुलक्ष्मी रेड्डी ने 1954 में कैंसर संस्थान की स्थापना की , तब शांता ने अभी-अभी अपनी डॉक्टर ऑफ मेडिसिन (एमडी) की पढ़ाई पूरी की थी। उन्होंने लोक सेवा आयोग की परीक्षा पास की थी और उन्हें महिला एवं बाल अस्पताल में तैनात किया गया था । 1940 और 1950 के दशक में, चिकित्सा पेशे में प्रवेश करने वाली भारतीय महिलाएँ आम तौर पर प्रसूति और स्त्री रोग के क्षेत्र में प्रवेश करती थीं, लेकिन शांता कैंसर संस्थान में शामिल हो गईं, जिससे कई लोग परेशान हो गए। संस्थान की शुरुआत एक छोटे से, 12 बिस्तरों वाले कॉटेज अस्पताल के रूप में हुई थी, जिसमें एक ही इमारत थी, न्यूनतम उपकरण और सिर्फ़ दो डॉक्टर, शांता और कृष्णमूर्ति। तीन साल तक उन्होंने मानद कर्मचारी के रूप में काम किया, जब तक कि संस्थान ने उन्हें 200 रुपये प्रति माह का वेतन देने और परिसर में रहने की पेशकश नहीं की।

वह 13 अप्रैल 1955 को परिसर में चली गईं और 19 जनवरी 2021 को अपनी मृत्यु तक वहीं रहीं। 60 से अधिक वर्षों के अपने लंबे करियर के दौरान, शांता ने कैंसर संस्थान में कई पदों पर कार्य किया और 1980 से 1997 के बीच इसके निदेशक के रूप में कार्य किया। वह व्यक्तिगत रूप से रोगी देखभाल की गुणवत्ता के बारे में चिंतित थीं और उनका मानना था कि एक चिकित्सक की भूमिका उपचार से परे है और रोगियों की देखभाल उस भूमिका के लिए आवश्यक है। उन्होंने ऐसे प्रोटोकॉल विकसित किए जो उपचार से परे गए और समग्र देखभाल को शामिल किया। रोगियों की देखभाल और बीमारी के अध्ययन के अलावा, उन्होंने संस्थान में विशेषज्ञों और वैज्ञानिकों का एक समूह बनाने पर ध्यान केंद्रित किया।

जीवन ऊर्जा | छत्रपति संभाजी महाराज : निधन 11 मार्च 1689 | देहावसान

# स्वराज हमारी आत्मा है और मराठी मिट्टी हमारी शान है


छत्रपति संभाजी महाराज का जन्म 1657 में 14 मई को पुरंदर किले में हुआ था। छत्रपती संभाजी राजे (संभाजी) मराठा सम्राट और छत्रपती शिवाजी महाराज के उत्तराधिकारी थे। संभाजी राजे अपनी शौर्यता के लिये प्रसिद्ध थे। बुधभूषण छत्रपति संभाजीराजे महाराज द्वारा लिखा गया ग्रन्थ है, जिसे उन्होंने संस्कृत में महज १४ वर्ष की आयु में लिखा था। संभाजी भगवान शिव के परम भक्त थे, जो अपने अंतिम समय तक मुगलों के सामने भी हिन्दू देव भगवान शिव का अनुसरण करते रहे। 11 मार्च 1689 को औरंगजेब ने छत्रपती संभाजी महाराज की बड़ी क्रूरता के साथ हत्या कर दी।

सीखा नहीं हमने पीछे हटना, सीखा नहीं हमने पीठ दिखाना, हमने तो बस सीखा है, लिखना सिर्फ इतिहास। शक्तिशाली मुगल भी कांपते थे, जब युद्ध भूमि में छत्रपति संभाजी महाराज सम्मुख आते थे। शौर्य गाथा रहे याद, आज और कल, किया शत्रु का नाश होकर प्रबल, रहे खड़े अंत तक, होकर अटल, माटी में लुप्त अमर हुए जयमल। पुत्र मां भवानी का मुझ पर किसका जोर, काट दिया हर सिर जो उठा मातृभूमि की ओर। जाल बिछाकर किसी को घेरते नहीं, क्षत्रिय हैं किसी को डुबाकर हम तैरते नहीं। तुम प्राण बचाओ, हम प्रण बचाएंगे, क्षत्रिय हैं, हम फिर से रण रचाएंगे। अंधकार सब दूर हुआ, जब उजियारा आया, भागे सब पीठ दिखाकर, जब संभाजी आया।



ओम बोलने से मन को ताकत मिलती है, साई की बात करने से मन को ताकत मिलती है, राम की बात करना पाप से राहत देता है, 'जय सांभजी' बोलने से हमें सौ चीतों की ताकत मिलती हैं। जब भी आप महसूस करते हैं! आपके जीवन में बहुत दुख है, केवल एक बार छत्रपति संभाजी महाराज, को याद कीजिए। तब आपको महसूस होगा की अपना दुःख उनके सामने कुछ भी नहीं है। शेर की सैर, गरुड़ की आँखें, महिलाओं का सम्मान, ऐसा ही होना चाहिए, मावल का व्यवहार, यही है छत्रपती संभाजी महाराज की शिकवण, जय संभाजी। जो लोग जी रहे थे वो मावल थे, उनको जी देने वाला महाराष्ट्र था, लेकिन स्वयं के परिवार को भूलकर, हाथों को जनता तक ले जाने वाले अपने संभाजी राजा थे। कौन था शम्बू राजा? नरवीर, बहादुर, धर्मवीर, विश्वकोश, चालबाज वह था शिवका छावा छत्रपति संभाजी राजे भोसले। स्वराज हमारी आत्मा है और मराठी मिट्टी हमारी शान है। जिन्होंने 32 साल की उम्र में 128 युद्ध जीते।

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# मां मातंगी वैदिकों की सरस्वती हैं

मतंग शिव का नाम है। शिव की यह शक्ति असुरों को मोहित करने वाली और साधकों को अभिष्ट फल देने वाली है। गृहस्थ जीवन को श्रेष्ठ बनाने के लिए लोग इनकी पूजा करते हैं। अक्षय तृतीया अर्थात वैशाख शुक्ल की तृतीया को इनकी जयंती आती है। यह श्याम वर्ण और चन्द्रमा को मस्तक पर धारण करती हैं। यह पूर्णतया वाग्देवी की ही पूर्ति हैं। चार भुजाएं चार वेद हैं। मां मातंगी वैदिकों की सरस्वती हैं।



पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

पलास और मल्लिका पुष्पों से युक्त बेलपत्रों की पूजा करने से व्यक्ति के अंदर आकर्षण और स्तम्भन शक्ति का विकास होता है। ऐसा व्यक्ति जो मातंगी महाविद्या की सिद्धि प्राप्त करेगा, वह अपने क्रीड़ा कौशल से या कला संगीत से दुनिया को अपने वश में कर लेता है। वशीकरण में भी यह महाविद्या कारगर होती है।

आज के इस मशीनी युग में जीवन यंत्रवत, ठूंठ और नीरस बनकर रह गया है। जीवन में सरसता, आनंद, भोग-विलास, प्रेम, सुयोग्य पति-पत्नी प्राप्ति के लिए



मातंगी दीक्षा अत्यन्त उपयुक्त मानी जाती है। इसके अलावा साधक में वाक् सिद्धि के गुण भी जाते हैं। उसमे आशीर्वाद व श्राप देने की शक्ति आ जाती है। उसकी वाणी में माधुर्य और सम्मोहन व्याप्त हो जाता है और जब वह बोलता है, तो सुनने वाले उसकी बातों से मुग्ध हो जाते है। इससे शारीरिक सौन्दर्य एवं कान्ति में वृद्धि होती है, रूप यौवन में निखार आता है। इस दीक्षा के माध्यम से हृदय में जिस आनन्द रस का संचार होता है, उसके फलतः हजार कठिनाई और तनाव रहते हुए भी व्यक्ति प्रसन्न एवं आनन्द से ओत-प्रोत बना रहता है।

**मातंगी माता का मंत्र:**

स्फटिक की माला से बारह माला 'ऊँ ह्रीं ऐ भगवती मतंगेश्वरी श्रीं स्वाहाः' मंत्र का जाप कर सकते हैं। जाप के नियम किसी जानकार से पूछें।

**कमला दीक्षा**

दरिद्रता, संकट, गृहकलह और अशांति को दूर करती है कमलारानी। इनकी सेवा और भक्ति से व्यक्ति सुख और समृद्धि पूर्ण रहकर शांतिमय जीवन बिताता है। श्वेत वर्ण के चार हाथी सूंड में सुवर्ण कलश लेकर सुवर्ण के समान कांति लिए हुए मां को स्नान करा रहे हैं। कमल पर आसीन कमल पुष्प धारण किए हुए मां सुशोभित होती हैं। समृद्धि, धन, नारी, पुत्रादि के लिए इनकी साधना की जाती है।

अपने विचार

जब मुझे मनसे नेता ने गंगा का पानी पीने के लिए दिया तो मैंने साफ इनकार कर दिया और कहा कि गंगा का पानी जहां सैकड़ों लोग स्नान करते हैं, वह साफ नहीं हो सकता। मैं सोच रहा था, कौन पीएगा वह पानी?"



**-राज ठाकरे** , मनसे प्रमुख,

मेरा खुद का अनुभव है कि देशभर से करोड़ों लोग संगम पर पहुंचे थे और वहां का पानी साफ था। इसलिए जो लोग वहां गए ही नहीं, वे घर बैठकर गंगा के पानी को गंदा बता रहे है, जो कि गलत है। यह उन 57 करोड़ श्रद्धालुओं की आस्था पर सवाल है।"



**-राम कदम,** विधायक,बीजेपी

राज ठाकरे का बयान करोड़ों लोगों की आस्था का अपमान है। करोड़ों लोगों ने संगम में आस्था की डुबकी लगाई और उनकी भावना को ठेस पहुंचाना बिल्कुल गलत है।



**-श्रीकांत शिंदे,** सांसद,शिवसेना (शिंदे गुट)

राज ठाकरे को यह समझना चाहिए कि यदि वे दूसरों की भावनाओं का सम्मान नहीं कर सकते तो कम से कम उन्हें जिनकी इसमें (महाकुंभ) भावना और आस्था है उनका अपमान नहीं करना चाहिए



**-आनंद दुबे ,** नेता,शिवसेना (UBT)

अपने विचार
डीबीडी कार्यालय
ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001
indiagroundreport@gmail.com
भेज सकते हैं।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए ज्मिेदार)।

## सोशल वॉरियर्स फाउंडेशन द्वारा 'वूमेन वॉरियर्स मैराथन' का आयोजन




**भिवंडी।** भिवंडी में सोशल वॉरियर्स फाउंडेशन ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में 14 से 25 वर्ष की महिलाओं के लिए 3 किलोमीटर की मिनी मैराथन ₹वूमेन वॉरियर्स मैराथन₹ का आयोजन किया, जिसमें करीब 100 बालिकाओं और महिलाओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्ग की प्रथम, द्वितीय और तृतीय विजेताओं को मेडल, इनाम और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया, जबकि सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर पूर्व नगरसेविका वंदना मनोज काटेकर, पूर्व उपमहापौर एवं नगरसेवक मनोज काटेकर, ब्रह्माकुमारी शिल्पा दीदी, ब्रह्माकुमारी अर्पणा दीदी, डॉ. स्वाति सिंह और ज्योति वाघे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

## बीएनएन कॉलेज में 'जल' विषय पर अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी




**भिवंडी।** बीएनएन कॉलेज में 8 मार्च को अध्यक्ष विजय जाधव के मार्गदर्शन और आईक्यूएसी के सहयोग से 'जल' विषय पर अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। उद्घाटन लेखक और मनोवैज्ञानिक सर्जन बाजीराव पाटिल ने किया, जिन्होंने जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। समापन समारोह में राजस्थान विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति अरुण सावंत और मुंबई विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग प्रमुख सचिन लाबड़े की उपस्थिति रही, जिन्होंने इस महत्वपूर्ण विषय पर सम्मेलन आयोजित करने के लिए कॉलेज प्रशासन की सराहना की।

महाराष्ट्र सरकार का बड़ा फैसला

# सैटेलाइट और ड्रोन से होगा फसल सर्वेक्षण

डीबीडी संवाददाता | मुंबई



महाराष्ट्र में ऐप के माध्यम से ई-फसल निरीक्षण का कार्य किया जा रहा है। किसानों की भूमि रजिस्टर पर फसलों का सटीक रिकॉर्ड सुनिश्चित करने के लिए ई-फसल निरीक्षण अनिवार्य कर दिया गया है। हालांकि, सरकार से सहायता प्रदान करते समय ई-फसल निरीक्षण की आवश्यकता में छूट दी जाती है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि भविष्य में फसल सर्वेक्षण में अधिक सटीकता लाने के लिए, सरकार महाराष्ट्र रिमोट सेंसिंग एप्लीकेशन सेंटर (MRSAC) के सहयोग से सैटेलाइट और ड्रोन के माध्यम से फसल सर्वेक्षण करने पर विचार कर रही है।

### मुख्यमंत्री फडणवीस ने दी जानकारी



विधानसभा में ई-फसल सर्वेक्षण के संबंध में उठाए गए सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि उन क्षेत्रों में जहां नेटवर्क की समस्याओं या तकनीकी कठिनाइयों के कारण ई-फसल सर्वेक्षण करना संभव नहीं है, वहां ऑफलाइन फसल सर्वेक्षण करने और बाद में उसे ऑनलाइन अपडेट करने की अनुमति दी गई है। सरकार समय-समय पर किसानों को सहायता प्रदान करती है और इस दौरान ई-फसल सर्वेक्षण की अनिवार्यता में छूट दी जाती है। यदि गांव स्तर पर ई-फसल सर्वेक्षण नहीं किया जाता है, तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा, सरकार राजस्व, कृषि और ग्रामीण विकास विभागों के बीच समन्वय स्थापित करके सटीक फसल सर्वेक्षण सुनिश्चित करने की योजना बना रही है। उद्देश्य यह है कि फसल सर्वेक्षण की सटीकता बढ़ाई जाए, ताकि फसल बीमा योजना का लाभ पात्र किसानों को मिले। इससे वास्तविक पात्र किसानों तक सहायता पहुंच सकेगी। जिला परिषद कृषि विभाग और राज्य सरकार के कृषि विभाग को एक साथ लाने और इस संबंध में एक उचित नीति बनाने के लिए भी प्रयास किए जाएंगे, मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा। राजस्व राज्यमंत्री योगेश कदम ने बताया कि जहां नेटवर्क नहीं है, जैसे पहाड़ी क्षेत्रों में, वहां गांव राजस्व अधिकारी फसल सर्वेक्षण करेंगे, जिसे मंडल अधिकारी स्तर पर आधिकारिक मंजूरी दी जाएगी। जिन क्षेत्रों में नेटवर्क की समस्या के कारण फसल सर्वेक्षण में बाधा उत्पन्न होती है, वहां ऑफलाइन फसल सर्वेक्षण करने के निर्देश दिए जाएंगे।

### अनियमितताओं के चलते 4.3 लाख फसल बीमा आवेदन खारिज

महाराष्ट्र में खरीफ 2024 मौसम के दौरान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (PMFBY) के तहत 4.30 लाख से अधिक फसल बीमा आवेदन अनियमितताओं के कारण खारिज कर दिए गए। यह जानकारी सोमवार को विधान परिषद में दी गई। राज्य के कृषि मंत्री माणिकराव कोकाटे ने एक लिखित उत्तर में बताया कि आवेदनों को अस्वीकार करने का मुख्य कारण सरकारी स्वामित्व वाली भूमि, नगरपालिका की भूमि, वास्तविक जोत से अधिक क्षेत्रफल तथा अयोग्य फसलों पर बीमा संबंधी विसंगतियां थीं।

## पश्चिम रेलवे चलाएगी दो जोड़ी होली स्पेशल ट्रेनें




डीबीडी संवाददाता | मुंबई

पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए तथा होली त्योहार के दौरान उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से बांद्रा टर्मिनस एवं सूबेदारगंज तथा बांद्रा टर्मिनस एवं वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी स्टेशनों के बीच विशेष किराये पर दो जोड़ी स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएगी। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक ने इसकी जानकारी दी।

### बांद्रा टर्मिनस–सूबेदारगंज सुपरफास्ट

ट्रेन संख्या 04126 बांद्रा टर्मिनस–सूबेदारगंज स्पेशल प्रत्येक मंगलवार को सुबह 11:15 बजे प्रस्थान कर अगले दिन शाम 17:00 बजे सूबेदारगंज पहुंचेगी, जो 11 मार्च से 1 अप्रैल 2025 तक चलेगी। वहीं, ट्रेन संख्या 04125 सूबेदारगंज–बांद्रा टर्मिनस स्पेशल प्रत्येक सोमवार को सुबह 05:20 बजे रवाना होकर अगले दिन 09:30 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुंचेगी, जिसका संचालन 10 से 31 मार्च 2025 तक होगा। यह ट्रेनें दोनों दिशाओं में बोरीवली, वापी, वलसाड, उधना, वडोदरा, रतलाम, कोटा, सवाई माधोपुर, आगरा फोर्ट, टूंडला, इटावा, गोविंदपुरी समेत अन्य स्टेशनों पर रुकेंगी। यात्री सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए इन ट्रेनों में एसी–3 टियर, स्लीपर क्लास और जनरल सेकेंड क्लास कोच उपलब्ध होंगे।

### बांद्रा टर्मिनस -झाँसी सुपरफास्ट

ट्रेन संख्या 02200 बांद्रा टर्मिनस–वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी सुपरफास्ट स्पेशल एक्सप्रेस प्रत्येक शनिवार को सुबह 05:10 बजे प्रस्थान कर अगले दिन सुबह 05:00 बजे झांसी पहुंचेगी, जिसका संचालन 15 से 29 मार्च 2025 तक होगा। वहीं, ट्रेन संख्या 02199 वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी–बांद्रा टर्मिनस सुपरफास्ट स्पेशल एक्सप्रेस प्रत्येक गुरुवार को शाम 16:50 बजे झांसी से रवाना होकर अगले दिन 16:10 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुंचेगी, जो 13 से 27 मार्च 2025 तक चलेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरीवली, वापी, उधना, वडोदरा, रतलाम, उज्जैन, गुना, ग्वालियर समेत अन्य प्रमुख स्टेशनों पर रुकेगी। यात्रियों की सुविधा के लिए ट्रेन में एसी–2 टियर, एसी–3 टियर, एसी–3 टियर (इकोनॉमी), स्लीपर क्लास और जनरल सेकेंड क्लास कोच उपलब्ध रहेंगे।

## कलबुर्गी–बेंगलुरु के बीच अतिरिक्त 4 विशेष ट्रेनें

डीबीडी संवाददाता | सोलापुर

होली पर यात्रियों की बढ़ती मांग को देखते हुए रेलवे कलबुर्गी और बेंगलुरु के बीच 4 विशेष ट्रेनें चलाएगा। ट्रेन संख्या 06520 स्पेशल 14 और 15 मार्च 2025 को सुबह 09:35 बजे कलबुर्गी से रवाना होकर रात 20:00 बजे एसएमवीटी बेंगलुरु पहुंचेगी, जबकि ट्रेन संख्या 06519 स्पेशल 13 और 14 मार्च 2025 को रात 21:15 बजे एसएमवीटी बेंगलुरु से चलकर अगले दिन सुबह 07:40 बजे कलबुर्गी पहुंचेगी। ये ट्रेनें शाहाबाद, यादगीर, कृष्णा, रायचूर, मन्त्रालयम रोड, अडोनी, गुंटकल, अनंतपुर, धर्मावरम और येलहंका स्टेशनों पर रुकेंगी। 21 कोच वाली इन ट्रेनों में 2 एसी-II टियर, 5 एसी-III टियर, 10 स्लीपर क्लास, 2 जनरल सेकंड क्लास और 2 लगेज कम गार्ड ब्रेक वैन कोच होंगे।

## 1,08,995 छात्र उठा रहे डिजिटल साक्षरता का लाभ

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

पीएम ई-विद्या योजना के तहत महाराष्ट्र में डिजिटल साक्षरता की मुहिम अपना असर दिखा रही है। इसके तहत राज्य में 1,08,995 पंजीकृत छात्र डिजिटल माध्यम से साक्षरता पाठ्य सामग्री का लाभ उठा रहे हैं। केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने सोमवार को लोकसभा में पूछे गए एक सवाल के लिखित जवाब में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पीएम ई-विद्या के तहत महाराष्ट्र को पांच डीटीएच चैनल सौंपे गए हैं जो मराठी भाषा में सफलतापूर्वक सामग्री चला रहे हैं। साथ ही महाराष्ट्र के 20 मास्टर ट्रेनर्स को पीएम ई-विद्या 200 डीटीएच चैनलों के लिए चरणों में आयोजित विभिन्न अभिमुखीकरण कार्यक्रमों के माध्यम से प्रशिक्षित किया गया।

उन्होंने बताया कि लगभग 1,08,995 पंजीकृत छात्र सामग्री का उपभोग कर रहे हैं और महाराष्ट्र सरकार द्वारा दीक्षा पर 22,641 संसाधन अपलोड किए गए हैं। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि महाराष्ट्र के 4,53,220 शिक्षकों को दीक्षा के तहत ई-सामग्री विकास सहित विभिन्न आईसीटी घटकों पर प्रशिक्षित किया गया है।

## महाराष्ट्र का पहला किन्नर महोत्सव धूमधाम से संपन्न

डीबीडी संवाददाता | कल्याण



कल्याण डोंबिवली महानगरपालिका और अस्मिता किन्नर संस्था के संयुक्त प्रयास से महाराष्ट्र का पहला अनोखा किन्नर महोत्सव भव्य रूप से मनाया गया। कल्याण के प्र.के. अत्रे सभागृह में आयोजित इस महोत्सव का उद्देश्य किन्नर समुदाय को समाज की मुख्यधारा में लाना और उन्हें सशक्त बनाना था।

### किन्नर समुदाय के लिए नई पहल

महापालिका आयुक्त डॉ. इंदु राणी जाखड़ ने कहा कि समाज के प्रत्येक वर्ग को समान अधिकार मिलने चाहिए और सरकारी योजनाओं के माध्यम से किन्नर समुदाय की आवश्यकताओं को पूरा किया जाएगा।

### प्रमुख हस्तियों की उपस्थिति

इस अवसर पर किन्नर अखाड़े की आचार्य महामंडलेश्वर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी, अंतरराष्ट्रीय किन्नर अखाड़े की डॉ. शिवलक्ष्मी नंदगिरी, किन्नर माँ ट्रस्ट की फाउंडर डॉ. सलमा खान, सोशल एंड जेंडर राइट एडवोकेट डॉ. सान्वी जेठवानी, हमसफर ट्रस्ट के सीईओ विवेक आनंद सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे।

## मध्य रेल ने 74.39 मिलियन टन माल लोडिंग का बनाया रिकॉर्ड

**मुंबई।** मध्य रेल ने वित्त वर्ष 2024-25 (28 फरवरी 2025 तक) में 74.39 मिलियन टन माल लोडिंग दर्ज की, जबकि फरवरी 2025 के लिए 7.28 मिलियन टन की लोडिंग दर्ज की गई। फरवरी 2025 में पेट्रोलियम उत्पादों की 208 रेक लोड की गईं, जो फरवरी 2024 की 175 रेक की तुलना में 18.8% अधिक रही। इसी तरह, उर्वरक लोडिंग 16.3% बढ़कर 114 रेक हो गई, जबकि सीमेंट की लोडिंग में 1.2% वृद्धि देखी गई। मालगाड़ियों की औसत गति में 2.1% और प्रतिदिन गाड़ियों के औसत इंटरचेंज में 1.2% की वृद्धि हुई।

## पश्चिम रेलवे पर बड़े उत्साह के साथ मनाया गया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2025

डीबीडी संवाददाता | मुंबई




पश्चिम रेलवे ने 6 मार्च 2025 से शुरू होकर विभिन्न गतिविधियों के साथ अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2025 को उत्साहपूर्वक मनाया, जिसका समापन 10 मार्च को चर्चगेट स्थित प्रधान कार्यालय के गोडबोले हॉल में एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हुआ। इस समारोह में पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक अशोक कुमार मिश्र और पश्चिम रेलवे महिला कल्याण संगठन (WRWWO) की अध्यक्षा क्षमा मिश्र मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। इस वर्ष के महिला दिवस का विषय "एक्सलरेट एक्शन" रहा। प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी मंजुला सक्सेना ने समापन समारोह में महिला सशक्तिकरण और महिला कर्मचारियों के योगदान पर प्रकाश डाला, जबकि महाप्रबंधक मिश्र ने 'स्वयंसिद्धा' नामक पुस्तक का विमोचन किया, जिसमें महिला कर्मचारियों के लिए उपयोगी जानकारी और स्वास्थ्य संबंधी सुझाव दिए गए हैं।

## होली पर नैसर्गिक रंगों का करें उपयोग: सिविल सर्जन डॉ. कैलाश पवार

डीबीडी संवाददाता | ठाणे

होली का त्योहार नजदीक है और बाजार रंग-बिरंगे गुलाल से सज चुके हैं। लेकिन सिविल सर्जन डॉ. कैलाश पवार ने नागरिकों से अपील की है कि रासायनिक रंगों की जगह नैसर्गिक रंगों का उपयोग करें, क्योंकि केमिकल युक्त रंग त्वचा संबंधी विकार और आंखों की क्षति का कारण बन सकते हैं।

रासायनिक रंगों से स्वास्थ्य को खतरा

सिंथेटिक रंगों में एल्यूमीनियम, पारा, सीसा, जस्ता, एस्बेस्टस, टिन, क्रोमियम, कैडमियम जैसे हानिकारक तत्व होते हैं, जो त्वचा में जलन, दाने, खुजली और आंखों में जलन पैदा कर सकते हैं। इसके अलावा, ये रंग सांस के जरिए शरीर में प्रवेश कर गंभीर बीमारियों को जन्म दे सकते हैं।

## भुसावल मंडल ने फरवरी में अर्जित किए 132.40 करोड़ रुपये

डीबीडी संवाददाता | भुसावल

भुसावल मंडल ने फरवरी 2025 में राजस्व के विभिन्न क्षेत्रों में शानदार प्रदर्शन करते हुए 132.40 करोड़ रुपये की कमाई दर्ज की। यह सफलता मंडल के निरंतर प्रयासों और टीम वर्क का परिणाम है।

**राजस्व वितरण**

फरवरी 2025 में कुल राजस्व वितरण 132.40 करोड़ रहा, जिसमें यात्री राजस्व 71.42 करोड़, अन्य कोचिंग राजस्व 09.88 करोड़, मालभाड़ा राजस्व 48.98 करोड़ और विविध आय 02.12 करोड़ शामिल है।

टिकट जांच अभियान में बड़ी सफलता

फरवरी 2025 में 89,100 मामलों में बिना टिकट और अनियमित यात्रा पकड़कर 6.93 करोड़ का राजस्व अर्जित किया गया। यह लक्ष्य से 37.71% अधिक रहा।

**भुसावल मंडल की प्रमुख उपलब्धियां**

यात्री शिकायतों के समाधान में भुसावल मंडल ने भारतीय रेलवे में पहला स्थान प्राप्त किया। निफाड़ और रावेर रेलवे स्टेशनों पर उद्घोषणा प्रणाली के लिए ई-नीलामी अनुबंध किया गया।

नए कैफेटेरिया, बहुउद्देशीय स्टॉल्स और एसी प्रतीक्षालय के लिए ई-नीलामी अनुबंध किया गया। अमृत भारत योजना के तहत नई इमारत में स्थानांतरित किया गया। जनवरी की तुलना में फरवरी 2025 में 1.86% की वृद्धि हुई। यूटीएस मोबाइल ऐप को बढ़ावाः फरवरी 2025 में 8.36% यात्रियों ने इस ऐप से टिकट बुक किए।

## राशिफल

प्रियंका जैन

**मेष** — नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति होगी। यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल रहेंगे। परीक्षा आदि में सफलता मिलेगी। पारिवारिक कष्ट एवं समस्याओं का अंत संभव है। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा।

**वृष** — शत्रु सक्रिय रहेंगे। कुसंगति से हानि होगी। व्ययवृद्धि होगी। लेन-देन में सावधानी रखें, जोखिम न लें। किसी शुभचिंतक से मेल-मुलाकात का हर्ष होगा। संतान की आजीविका संबंधी समस्या का हल निकलेगा।

**मिथुन** — यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल रहेंगे। डूबी हुई रकम प्राप्त होगी। आय में वृद्धि होगी। प्रमाद न करें। आकस्मिक लाभ व निकटजनों की प्रगति से मन में प्रसन्नाता रहेगी। परिश्रम से स्वयं के कार्यों में भी शुभ परिणाम आएँगे।

**कर्क** — आज घर में क्रोध पर नियंत्रण रखें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। दुःखद समाचार मिल सकता है। चिंता बनी रहेगी। व्यापार-व्यवसाय में सावधानी रखें। वास्तविकता को महत्व दें। प्रयासों में सफलता के योग कम हैं।

**सिंह** — कानूनी अड़चन दूर होगी। अध्यात्म में रुचि रहेगी। यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल रहेंगे। रुके धन के लिए प्रयत्न जरूर करें। कार्य का विस्तार होगा। दूसरे के कार्यों में हस्तक्षेप से बचें। दांपत्य जीवन सुखद रहेगा।

**कन्या** — चोट, चोरी व विवाद आदि से हानि संभव है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें, बाकी सामान्य रहेगा। प्रयास अधिक करने पर भी उचित सफलता मिलने में संदेह है। कार्य में विलंब के भी योग हैं। आर्थिक हानि हो सकती है।

**तुला** — यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल लाभ देंगे। भेंट आदि की प्राप्ति होगी। कोई बड़ा कार्य होने से प्रसन्नता रहेगी। व्यापार में उन्नति के योग हैं। संतान की ओर से सुखद स्थिति बनेगी। प्रयास की मात्रा के अनुसार लाभ की अधिकता रहेगी।

**वृश्चिक** — वाणी पर नियंत्रण रखें। अप्रत्याशित बड़े खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है, जोखिम न लें। अजनबी व्यक्ति पर विश्वास न करें। उदर विकार के योग के कारण खान-पान पर संयम रखें।

**धनु** — जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। राजकीय बाधा दूर होगी। बेचैनी रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। अर्थ प्राप्ति के योग बनेंगे। विवादों से दूर रहना चाहिए। पिता से व्यापार में सहयोग मिल सकेगा।

**मकर** — बेरोजगारी दूर होगी। विवाद न करें। संपत्ति की खरीद-फरोख्त हो सकती है। आय बढ़ेगी। मन में उत्साहपूर्ण विचारों के कारण समय सुखद व्यतीत होगा। मकान व जमीन संबंधी कार्य बनेंगे।

**कुंभ** — मेहनत का फल पूरा-पूरा मिलेगा। मान-सम्मान मिलेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। लाभ होगा। दूर रहने वाले व्यक्तियों से संपर्क के कारण लाभ हो सकता है। नई योजनाओं का सूत्रपात होने के योग हैं।

**मीन** — आज उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। घर में प्रसन्नता रहेगी। परिवार में मेहमानों का आगमन होगा। व्यय होगा। अपने प्रयासों से उन्नति पथ प्रशस्त करेंगे। बुद्धि चातुर्य से कठिन कार्य भी आसानी से बनेंगे।

## कब होगा भाग्योदय





प्रियंका जैन
9769994439

अब भाग्योदय , भाग्य का साथ मिले यहाँ तक ठीक है। भाग्योदय होगा तो कुछ न कुछ काम तो करना भी पड़ेगा क्योंकि बिना कर्म किये भाग्योदय होना असंभव है चाहे जातक पेन चलकर हस्ताक्षर करने का ही काम करे लेकिन काम करना ही पड़ता है।इसी लिए भाग्योदय में दसवा भावऔर इसके स्वामी का सहयोग बहुत जरूरी होता है क्योंकि दसवाँ भाव और इसका स्वामी कर्म क्षेत्र है क्या कार्य जातक करेगा इसका है, अगर जातक कुछ करेगा ही नही तो कैसा भाग्योदय और क्यों होगा? क्योंकि भाग्योदय के लिए या भाग्योदय हो इसके लिए कर्म करने की जरूरत होती है इसी लिए नवे भाव के साथ दसवा भाव और इनके स्वामी की स्थिति जितनी ज्यादा बलवान होगी ऐसा जातक का भाग्योदय उतना ही चमकेगा क्योंकि निरंतर भाग्य चमकता रहे इसके लिए काम करने की जरूरत होती है। इस तरह से पूर्ण भाग्योदय होने के लिए, सितारे की तरह क़िस्मत चमकने के लिय या सितारे की तरह किस्मत चमक जाए इसके लिए दसवे भाव ,दसवे भाव स्वामी जो कि जातक का कार्यक्षेत्र है अच्छा होना जरूरी है।बिना दसवे भाव और इसके स्वामी के सहयोग के भाग्योदय पूर्ण तरह से नही हो सकता, साथ ही शुभ राजयोग योगों की ग्रह दशाओ, नवे या दसवे भाव, ग्यारहवे भाव स्वामी की ग्रह दशाओ आदि में भाग्योदय पूरी तरह से ज्यादा अच्छे से होता है। इस तरह भाग्योदय के लिए नवे घर की अच्छी स्थिति के साथ दसवे घर की स्थिति भी अच्छी होना जरूरी है इसके अलावा जितने ज्यादा राजयोग कुंडली मे होंगे उतना ही भाग्योदय अच्छा होता है और भाग्य अच्छा रहता है।

उदाहरणः-

नीचे दी गई दी गई कुंडली में भाग्येश गुरु चौथे भाव मे लग्नेश के साथ होने से खुद की मेहनत और जनता संबंधित कार्यो राजनीति आदि से भाग्योदय होगा क्योंकि भाग्येश गुरु लग्नेश(स्वयं जातक) के साथ जनता के घर(चोथे भाव)मे बैठा है जनता का सहयोग मिलेगा साथ भाग्य स्थान नवे स्थान में सुर्य शुक्र के साथ 12वे भाव का स्वामी बुध आकर बैठने से भाग्य स्थान में बुध के साथ सूर्य बुधादित्य शुभ योग और बुध के साथ शुक्र लक्ष्मीनारायण शुभ योग बनाकर बैठने से भाग्यय अत्यंत बलि हो गया साथ ही भाग्येश गुरु भी गजकेसरी+राजयोग में है साथ ही कर्म स्थान10वे भाव स्वामी मंगल सहयोग भी भाग्येश गुरु को दृष्टि संबंध्य से मिल रहा है फिर भाग्येश गुरु शुक्र के साथ राशिपरिवर्तन करके प्रबल राजयोग में है, और भाग्येश चौथे भाव में और चौथे भाव स्वामी शुक्र नवे भाव में जनता के सहयोग और जनता से संबंधित कर्म क्षेत्रो में भाग्योदय हयोग जौसे राजनीति, फ़िल्म उधोग, जनता से सबंधित कार्यो में आदि।साथ बारहवे भाव स्वामी बुध भाग्य में आकर बैठने से जन्मस्थान से दूर भाग्योदय होगा साथ दुर्स्थान जाकर जातक जनता में ज्यादा प्रसिद्ध होगा।इस तरह नीचे दी गई कुंडली में प्रबल भाग्योदय है।इसी तरह के योग जिज़ जातक की कुंडलियो में होंगे उतना ही अच्छा भाग्योदय होता है, शुभ ग्रह दशाओ में या शुभ ग्रह दशाओ के आने परपूर्ण भाग्योदय हो जाता है।

## सुल्तानपुर अधिवक्ता हत्याकांड : गैंगस्टर की 4.66 करोड़ की संपत्ति जब्त



**सुल्तानपुर।** प्रदेश में अपराधियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी है। अधिवक्ता हत्याकांड के मामले में सोमवार को कोतवाली देहात क्षेत्र में पुलिस प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। जिला मजिस्ट्रेट के आदेश पर हत्याकांड के मुख्य आरोपी सिराज अहमद की संपत्ति जब्त की गई है। जब्त की गई संपत्ति की कीमत करीब 4 करोड़ 66 लाख रुपये बताई जा रही है।

## बकाया वसूली के लिए की जब्त किए गए 3.11 करोड़ के सोने की नीलामी



**जोधपुर।** शहर में आयकर विभाग की इन्वेस्टिगेशन विंग द्वारा करीब साढ़े तीन साल पहले जब्त सोने की नीलामी कर बकाया टैक्स वसूली की गई। जोधपुर आयकर भवन में चार किलो सोने के तीन बड़े और दस छोटी साइज के कुल 13 बिस्किट नीलाम करने से विभाग को 3 करोड़ 11 लाख 10 हजार रुपए मिले।विभाग ने गत 14 अक्टूबर 2021 को बीकानेर में एक मोबाइल कारोबारी समूह के ठिकानों पर छापेमारी में जब्त किए थे। ये नीलामी आयकर विभाग में शेष बकाया 2.96 करोड़ रुपए की टैक्स वसूली के लिए की गई। इससे पहले अघोषित आय पर इनकम टैक्स का यह मामला राजस्थान हाईकोर्ट में भी चला था। अंत में कोर्ट से विभाग के पक्ष में फैसला हुआ।

## विकास कार्यों में बरेली बना प्रदेश का दूसरा सबसे बेहतरीन जिला




**बरेली।** मुख्यमंत्री के डैशबोर्ड रैंकिंग में फरवरी माह में बरेली जिले ने प्रदेश में दूसरा स्थान हासिल किया है। यह उपलब्धि जिलाधिकारी रविंद्र कुमार के कुशल नेतृत्व, सतत निगरानी और अधिकारियों की कड़ी मेहनत का नतीजा है। मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के तहत प्रदेश के विभिन्न जिलों के विकास एवं राजस्व कार्यों की हर माह समीक्षा की जाती है। फरवरी माह की रैंकिंग में बरेली ने विकास कार्यों में दूसरा स्थान और राजस्व कार्यों में 10वां स्थान प्राप्त किया है। ओवरऑल रैंकिंग में भी बरेली ने जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए दूसरा स्थान हासिल किया है। जिलाधिकारी ने कहा कि यह सफलता टीम वर्क और मेहनत का परिणाम है। उन्होंने निर्देश दिया कि विकास और राजस्व कार्यक्रमों की गति को और तेज किया जाए, ताकि बरेली आने वाले महीनों में प्रदेश में पहला स्थान हासिल कर सके।

## नियंत्रण में स्थिति, 13 के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**इंदौर।** मध्य प्रदेश के इंदौर जिले में डॉ. आम्बेडकर नगर महू में शनिवार की रात आईसीसी चैंपियन ट्राफी में भारतीय क्रिकेट टीम की जीत के बाद मनाए जा रहे जश्न के दौरान दो समुदायों की बीच झड़क हो गई थी। इस मामले में पुलिस ने सोमवार को दोपहर तक 13 आरोपितों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। इंदौर कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी आशीष सिंह ने बताया कि डॉ. आम्बेडकर नगर महू में फिलहाल स्थिति शांतिपूर्ण और नियंत्रण में है।

# पूर्व सीएम भूपेश बघेल के घर ईडी की रेड

- शराब घोटाले पर एक्शन
- बेटे से पूछताछ जारी

एजेंसी । दुर्ग

छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल के एक दर्जन से अधिक ठिकानों पर ईडी ने दबिश दी है। भिलाई-3 स्थित वसुंधरा नगर निवास और रायपुर निवास पर शराब घोटाला मामले में ईडी ने रेड मारी है। दो गाड़ियों में पहुंची अफसरों की टीम ने घर पर कई दस्तावेजों की जांच की। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री के पुत्र चैतन्य बघेल से पूछताछ की गई। प्रदेशभर के 14 जगहों पर ईडी ने कार्रवाई की है।

### पूर्व सीएम बघेल के निवास के बाहर मौजूद लोग



दरअसल, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के भिलाई तीन स्थित निवास पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दबिश दी है। ईडी एक दर्जन से अधिक ठिकानों पर कार्रवाई कर रही है। महादेव सट्टा,कोयला घोटाला और शराब घोटाले को लेकर ईडी ने बड़ी कार्रवाई की है। कई अफसरों की टीम उनके घर में दस्तावेजों को खंगाल रही है। वहीं बीजापुर विधायक विक्रम मंडावी भूपेश बघेल के रायपुर निवास पहुंचे है।

### शराब घोटाले को लेकर कार्रवाई

रेड को लेकर ईडी ने प्रेस नोट जारी किया है। जिसमें कहा गया कि,ईडी छत्तीसगढ़ के शराब घोटाले के संबंध में 14 स्थानों (छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में) पर पीएमएलए के तहत तलाशी ले रहा है। जिसमें उनके बेटे चैतन्य बघेल का आवास और करीबी सहयोगी भूपेश बघेल, पुत्र, लक्ष्मी नारायण बंसल उर्फ पप्पू बंसल का आवास भी शामिल है। ईडी को पता चला है कि, चैतन्य बघेल शराब घोटाले से उत्पन्न अपराध की आय के प्राप्तकर्ता भी हैं। जिसमें अपराध की कुल आय लगभग 2161 करोड़ रुपये है, जिसे विभिन्न योजनाओं के माध्यम से निकाला गया है।

### षडयंत्र कर कांग्रेस को रोकने का प्रयास

ईडी की रेड को लेकर पूर्व सीएम के कार्यालय ने एक नोट जारी किया है। कार्यालय की तरफ से सोशल मीडिया एक्स में ट्वीट करते हुए लिखा- सात वर्षों से चले आ रहे झूठे केस को जब अदालत में बर्खास्त कर दिया गया तो ईडी के मेहमानों ने पूर्व मुख्यमंत्री, कांग्रेस महासचिव भूपेश बघेल के भिलाई निवास में आज सुबह प्रवेश किया है। अगर इस षड्यंत्र से कोई पंजाब में कांग्रेस को रोकने का प्रयास कर रहा है, तो यह गलतफहमी है।

### बघेल के कार्यकाल में कई घोटाले हुए - अरुण साव

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के घर ईडी की रेड मामले में उपमुख्यमंत्री अरुण साव का बयान सामने आया है। अरुण साव ने कहा- भूपेश बघेल के सीएम कार्यकाल में कई घोटाले हुए। शराब घोटाला, महादेव ऐप घोटाला, कोयला घोटाला उनके कार्यकाल में हुए, उनके कई सहयोगी इन घोटालों में जेल के भीतर हैं। ED सामान्य प्रक्रिया के तहत जांच कर रही है। इसलिए भूपेश बघेल के घर पहुंची है। इसे राजनीति से जोड़कर बताना भ्रम फैलाने की कोशिश है।

# यूपी में जमीनों के सर्किल रेट का पुनरीक्षण तेज

एजेंसी । लखनऊ

यूपी को उत्तम प्रदेश बनाने के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार लखनऊ समेत कई जिलों में जल्द ही जमीनों के सर्किल रेट का पुनरीक्षण कराने जा रही है। कैबिनेट मीटिंग में योगी सरकार ने सोमवार को इसकी मंजूरी भी दे दी है। जिन जनपदों में वर्षों से जमीनों की सर्किल रेट का पुनरीक्षण नहीं हुआ है, वहां प्राथमिकता पर इस कार्रवाई को पूरा किए जाने पर फोकस किया जा रहा है। 1 जनवरी 2024 से अब तक प्रदेश के 37 जिलों में जमीनों के सर्किल रेट के पुनरीक्षण की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। कुछ जिलों में पुनरीक्षण प्रक्रिया जारी है, वहीं अन्य जिलों में भी इसे जल्द ही शुरू किए जाने की योजना है। बता दें कि जमीन के सर्किल रेट का पुनरीक्षण होने का सबसे बड़ा फायदा किसानों को मिलता है। पुनरीक्षण प्रक्रिया पूरी होने पर कानून के अनुसार भूमि अधिग्रहण में किसानों को जमीन का सही मूल्य मिलने का मार्ग प्रशस्त होता है। यही कारण है कि योगी सरकार द्वारा प्रदेश में जारी विकासपरक कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए सभी जिलों में जमीनों के सर्किल रेट से जुड़ी पुनरीक्षण प्रक्रिया को पूरा करने पर फोकस किया जा रहा है।

### योगी मंत्रिमंडल ने दी मंजूरी



### गौतमबुद्ध नगर, आगरा व अलीगढ़ समेत कई जिलों में प्रक्रिया जारी

हाल ही में मुख्य सचिव के समक्ष हुई समीक्षा बैठक में इस विषय पर विचार-विमर्श किया गया था, जिसमें मुख्य सचिव द्वारा निर्णय लेते हुए पुनरीक्षण की कार्रवाई को तेजी से आगे बढ़ाने का निर्देश दिया गया था। जिन जिलों में वर्षों से पुनरीक्षण प्रक्रिया पूरी नहीं हुई है, उनमें लखनऊ, वाराणसी, गोरखपुर, बागपत, इटावा, कन्नौज, हापुड़, बुलंदशहर, मेरठ, महाराजगंज, कुशीनगर, अयोध्या, अम्बेडकरनगर, एटा, कासगंज, मुजफ्फरनगर, बदायूं, झांसी, जालौन, ललितपुर, संत कबीरनगर, कौशाम्बी व प्रयागराज आदि प्रमुख हैं। इन सभी जिलों में जल्द ही पुनरीक्षण की कार्रवाई शुरू की जाएगी। वहीं शामली, सहारनपुर, मीरजापुर, अलीगढ़, बांदा, हमीरपुर, आगरा, सुल्तानपुर, अमेठी व गौतमबुद्ध नगर समेत कई जिलों में फिलहाल पुनरीक्षण की प्रक्रिया जारी है।

### जिलाधिकारी द्वारा न्यूनतम मूल्य का किया जाता है निर्धारण

उत्तर प्रदेश स्टाम्प (संपत्ति का मूल्यांकन) की द्वितीय संशोधन नियमावली–2013 नियम 4(1) के अंतर्गत जिलाधिकारी द्वारा अगस्त के महीने में वार्षिक रूप से जिले के विभिन्न भागों में स्थित कृषि व अकृषक भूमि का न्यूनतम मूल्य प्रति हेक्टेयर/प्रति वर्गमीटर का दर निर्धारित किए जाने का उल्लेख है। आवश्यकता होने पर जिलाधिकारी द्वारा वर्ष के मध्य में भी सर्किल दर सूची का पुनरीक्षण का कार्य किया जा सकता है। ऐसे में, प्रदेश में 1 जनवरी 2024 से लेकर अब तक 37 जिलों में जमीनों के सर्किल रेट के पुनरीक्षण की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है।

# अलीगढ़ में चार बांग्लादेशी गिरफ्तार

एजेंसी । अलीगढ़

जिले के टप्पल थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध रूप से रह रहे चार बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। ये लोग फर्जी आधार कार्ड और अवैध तरीके से खरीदे गए मोबाइल फोन के जरिए खुद को भारतीय नागरिक बताने की कोशिश कर रहे थे।



पुलिस ने इनके खिलाफ धोखाधड़ी, फर्जी दस्तावेज बनाने और विदेशी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

### बॉर्डर क्रॉस कर भारत में आए थे आरोपी

एसपी ग्रामीण अमृत जैन के मुताबिक, आरोपियों की गतिविधियों की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने कार्रवाई की। पूछताछ में मुख्य आरोपी मकसूद खान ने बताया कि वह बांग्लादेश के जिसोर जिले का निवासी है और 2008 में बेनापोल बॉर्डर से अवैध रूप से भारत में घुसा था। वह आगरा होते हुए अलीगढ़ पहुंचा और कबाड़ बीनने का काम करने लगा। मकसूद ने फर्जी कागजात बनवाकर अपने बेटों के आधार कार्ड भी तैयार करवा लिए थे। पुलिस ने मकसूद के साथ उसकी पत्नी साहिना, मोहम्मद तौफीक और मोहम्मद साबिर को भी गिरफ्तार किया है।

# आईएफएस अफसर मनोज चंद्रन के रिटायरमेंट पर असमंजस बरकरार

- वन मंत्री ने बताई कानूनी पेचीदगी

एजेंसी । देहरादून

उत्तराखंड वन विभाग के IFS अधिकारी मनोज चंद्रन की स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति (VRS) को लेकर असमंजस बरकरार है। हालांकि, वन मंत्री सुबोध उनियाल ने पहली बार इस मुद्दे पर बयान देते हुए कहा कि सरकार कानूनी पहलुओं की समीक्षा के बाद ही अंतिम निर्णय लेगी।

> जो नियम कानून है, उसी के हिसाब से कार्रवाई की जाएगी। क्योंकि एक जांच उनके (आईएफएस अधिकारी मनोज चंद्रन) खिलाफ बैठी हुई है। जांच पूरी होने तक न तो किसी को रिटायरमेंट मिलता है और नहीं ही पेंशन दी जाती है। इसीलिए सभी पहलूओं पर विचार करने के बाद ही कोई निर्णय लिया जाएगा।
>
> **सुबोध उनियाल, वन मंत्री उत्तराखंड**

### सरकार ने अब तक नहीं लिया कोई फैसला



मनोज चंद्रन ने 28 फरवरी 2025 तक का नोटिस देकर स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति की अर्जी दी थी, लेकिन सरकार ने अभी तक इसे मंजूर नहीं किया है। वन मंत्री ने स्पष्ट किया कि तीन महीने के नोटिस पीरियड का नियम उन अधिकारियों पर लागू नहीं होता, जो किसी जांच के दायरे में हैं।

### क्या है मनोज चंद्रन पर लगे आरोप?

- मनोज चंद्रन पर नियम विरुद्ध प्रमोशन और नियमितीकरण करने के आरोप
- 504 कर्मियों को अनियमित रूप से नियमित करने का मामला
- आरक्षी पद से वन दारोगा के पद पर मानकों से अधिक प्रमोशन देने के आरोप

## बिहार विधानसभा में गरमाया ग्रुप इंश्योरेंस और मजदूर पलायन का मुद्दा

**पटना।** बिहार विधानसभा के प्रश्नकाल के दौरान सोमवार को राजद विधायक ललित यादव और विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव के बीच तनातनी देखने को मिली। इस दौरान राज्य कर्मियों के ग्रुप इंश्योरेंस, ग्रेच्युटी और मजदूरों के पलायन को लेकर भी तीखी बहस हुई। कांग्रेस विधायक अजय सिंह ने सरकार से पूछा कि क्या राज्य कर्मियों को केंद्र की तर्ज पर ग्रुप इंश्योरेंस और ग्रेच्युटी मिलेगी? उन्होंने सरकार के जवाब को चुनौती देते हुए कहा कि बिहार सरकार ने कर्मचारियों से यह सुविधा देने का वादा किया था। इस पर उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा ने कहा कि राज्य सरकार केंद्र की नीतियों को अपनाने के लिए बाध्य नहीं है। उन्होंने ग्रेच्युटी की सीमा 20 लाख से बढ़ाकर 25 लाख करने के सवाल पर कोई ठोस जवाब नहीं दिया।

## व्यापार जगत

# सेंसेक्स 217 अंक गिरकर 74,115 पर बंद

- निफ्टी में 92 अंकों की गिरावट रही
- रियल्टी और ऑयल एंड गैस शेयर फिसले

एजेंसी । नई दिल्ली

घरेलू शेयर बाजार सोमवार को गिरावट के साथ बंद हुआ, जिससे निवेशकों को भारी नुकसान उठाना पड़ा। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स बढ़त के साथ और निफ्टी कमजोरी के साथ खुला था। हालांकि, दिनभर के उतार-चढ़ाव के बाद बाजार बिकवाली के दबाव में आ गया और अंततः सेंसेक्स 217.41 अंक और निफ्टी 92.20 अंक की गिरावट के साथ बंद हुआ।



### सेंसेक्स और निफ्टी का हाल

सेंसेक्स 74,474.98 अंक पर खुला, दिन में 74,741.25 के उच्चतम स्तर तक गया, लेकिन बिकवाली के चलते 74,115.17 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 22,521.85 अंक पर खुला, दिन में 22,676.75 के उच्चतम स्तर को छूने के बाद 22,460.30 पर बंद हुआ।

### बाजार में गिरावट के कारण

एफएमसीजी को छोड़कर बाकी सभी सेक्टर लाल निशान में रहे। ऑटो, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, पीएसयू बैंक, ऑयल-गैस, रियल्टी, आईटी और हेल्थकेयर सेक्टर में दिनभर बिकवाली हावी रही। मिडकैप इंडेक्स 1.46% और स्मॉलकैप इंडेक्स 2.11% गिरा। निवेशकों को करीब 4.92 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ, जिससे बीएसई का मार्केट कैप 398.29 लाख करोड़ रुपये से घटकर 393.37 लाख करोड़ रुपये रह गया।

## रुपया 38 पैसे की बड़ी गिरावट के साथ बंद हुआ

एजेंसी । मुंबई



दुनिया भर में शुल्क को लेकर अनिश्चितताओं के जारी रहने और विदेशी कोषों के निरंतर निकासी के बीच कच्चे तेल की अस्थिर कीमतों के कारण सोमवार को अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 38 पैसे की गिरावट के साथ 87.33 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि कमजोर अमेरिकी मुद्रा रुपये का समर्थन करने में विफल रही क्योंकि स्थानीय शेयर बाजार में बिकवाली से कारोबारी धारणा प्रभावित हुई। इससे पहले पांच फरवरी को डॉलर के मुकाबले रुपये में 39 पैसे की बड़ी गिरावट दर्ज हुई थी।

# सोने-चांदी की कीमतों में गिरावट

- लगातार तीसरे सत्र में सोना टूटा

एजेंसी । नई दिल्ली

सर्राफा बाजार में सोमवार को सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई। विदेशी बाजारों में कमजोरी के रुख के कारण सोना 150 रुपये सस्ता होकर 88,750 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। वहीं, चांदी 250 रुपये गिरकर 99,250 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई।

### सोने की कीमतों में लगातार गिरावट



99.9% शुद्धता वाला सोना 150 रुपये गिरकर 88,750 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा। 99.5% शुद्धता वाला सोना भी 150 रुपये टूटकर 88,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। पिछले चार सत्रों में तेजी के बाद चांदी 250 रुपये गिरकर 99,250 रुपये प्रति किग्रा पर बंद हुई।

### गिरावट की वजह क्या?

विशेषज्ञों के मुताबिक, अमेरिकी बॉन्ड यील्ड में उछाल से सोने और चांदी की कीमतों में दबाव आया। वहीं, अमेरिका द्वारा मेक्सिको पर शुल्क लगाने के फैसले को एक महीने के लिए टालने से भी सतर्कता बढ़ी। हालांकि, कमजोर डॉलर ने गिरावट को कुछ हद तक थामने में मदद की।

## जिरोधा फंड हाउस ने सिल्वर ETF का NFO किया लॉन्च

- 18 मार्च तक कर सकते हैं अप्लाई, मिनिमम इन्वेस्टमेंट 1,000

एजेंसी । मुंबई

जिरोधा फंड हाउस का नया 'सिल्वर ETF' आज से सब्सक्रिप्शन के लिए ओपन हो गया है। इस NFO यानी न्यू फंड ऑफर के लिए इन्वेस्टर्स 18 मार्च तक अप्लाई कर सकेंगे। कंपनी इस NFO से जुटाए गए फंड का 90-100% निवेश चांदी और उससे जुड़े इंस्ट्रूमेंट्स में करेगी। बची हुई रकम को डेट और मनी मार्केट में निवेश कर सकती है। यह फंड चांदी की घरेलू कीमतों को फॉलो करेगा। इस फंड का उद्देश्य लॉन्ग टर्म में वेल्थ क्रिएशन है।

### मिनिमम 1,000 से इस NFO के लिए कर सकते हैं अप्लाई




जिरोधा फंड हाउस सिल्वर ETF के NFO में मिनिमम 1,000 रुपए निवेश कर सकते हैं। ETF की शुरुआती नेट एसेट वैल्यू यानी (NAV) 10 रुपए प्रति यूनिट होगी। निवेशक जिरोधा कॉइन और CAMS से इस NFO में अप्लाई कर सकते हैं।

### सिल्वर ETF कैसे काम करता है?

डीबीडी इन्फो

सिल्वर ETF मार्केट की कीमत को फॉलो करता है। चांदी की कीमत में उतार-चढ़ाव के अनुसार इन ETF का रिटर्न कम और ज्यादा होता है। सिल्वर ETF में इन्वेस्टर्स की ओर से निवेश किए गए पैसों से फंड मैनेजर चांदी खरीदते हैं और उसे सुरक्षित तिजोरियों में रखते हैं।

# एसएमई आईपीओ के लिए सेबी ने नियम किए सख्त

- निवेशकों की सुरक्षा पर जोर

एजेंसी । नई दिल्ली

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने लघु एवं मझोले उद्यमों (एसएमई) के आईपीओ के नियमों को सख्त कर दिया है। नए नियमों में लाभ की आवश्यकता, बिक्री प्रस्ताव की सीमा और निवेशकों की सुरक्षा से जुड़े प्रावधान शामिल किए गए हैं।



### एसएमई आईपीओ के लिए नए नियम

- लाभ की अनिवार्यता : एसएमई को आईपीओ लाने के लिए पिछले तीन वित्त वर्षों में से कम से कम दो वर्षों में 1 करोड़ रुपये का न्यूनतम परिचालन लाभ (EBITDA) होना चाहिए।
- बिक्री प्रस्ताव की सीमा : शेयरधारकों को निर्गम आकार के 20% से अधिक हिस्सेदारी बेचने की अनुमति नहीं होगी और वे अपनी मौजूदा होल्डिंग्स का 50% से अधिक नहीं बेच सकेंगे।
- गैर-संस्थागत निवेशकों (NII) के लिए समान आवंटन प्रक्रिया: एसएमई आईपीओ में एनआईआई को शेयर बाजार के मुख्य मंच पर अपनाए गए आवंटन प्रक्रिया के अनुरूप बनाया जाएगा।
- सामान्य कॉरपोरेट उद्देश्य (GCP) के लिए फंड सीमा : आईपीओ से जुटाए गए फंड का उपयोग 15% या 10 करोड़ रुपये (जो भी कम हो) से अधिक GCP के लिए नहीं किया जा सकता।
- कर्ज चुकाने के लिए फंड का इस्तेमाल प्रतिबंधित : आईपीओ से जुटाए गए फंड का प्रवर्तकों, प्रवर्तक समूह या संबंधित पक्षों के कर्ज चुकाने में उपयोग नहीं होगा।

### निवेशकों की सुरक्षा के लिए कदम

न्यूनतम आवेदन आकार बढ़ाकर दो लॉट किया गया ताकि अनावश्यक अटकलों पर रोक लगे। डीआरएचपी (ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस) को 21 दिनों तक सार्वजनिक टिप्पणियों के लिए रखा जाएगा। समाचार पत्रों में घोषणाएं प्रकाशित करनी होंगी और डीआरएचपी तक पहुंच के लिए क्यूआर कोड शामिल करना अनिवार्य होगा।

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है
मुंबई, मंगलवार, 11 मार्च 2025



# आईसीसी ने सर्वश्रेष्ठ टीम का किया ऐलान

## विराट कोहली समेत कइयों को मिली जगह




**एजेंसी । दुबई**

बीते रविवार को भारतीय क्रिकेट टीम ने न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम को हराते हुए चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का फाइनल अपने नाम किया। इस टूर्नामेंट के सम्पन्न होने के बाद अब इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने इस संस्करण की सर्वश्रेष्ठ टीम का चुनाव किया है, जिसमें सबसे ज्यादा 5 खिलाड़ी भारत के शामिल हैं।बता दें कि दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली को भी आईसीसी ने अपनी टीम में जगह दी है।

अय्यर इस संस्करण में दूसरे सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे। उन्होंने 5 पारियों में 48.60 की औसत और 79.41 की स्ट्राइक रेट के साथ 243 रन बनाए। कोहली ने 5 पारियों में 54.50 की औसत और 82.88 की स्ट्राइक रेट से 218 रन बनाए।

### सेंटनर को चुना गया है टीम का कप्तान

मिचेल सेंटनर को टीम का कप्तान नियुक्त किया है। बता दें कि सेंटनर ने अपनी कप्तानी से प्रभावित किया था और कीवी टीम को फाइनल तक पहुंचाया था। उन्होंने 5 मैचों में 26.66 की औसत के साथ 9 विकेट लिए थे। न्यूजीलैंड की टीम से उनके अलावा रचिन रविंद्र, ग्लेन फिलिप्स और मैट हेनरी को चुना गया है। बता दें कि हेनरी ने 4 मैचों में 10 विकेट लिए थे और वह सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे थे।

### बतौर विकेटकीपर टीम में चुने गए राहुल



ICC ने अपनी सर्वश्रेष्ठ टीम में केएल राहुल का बतौर विकेटकीपर बल्लेबाज चुनाव किया। उन्होंने फाइनल में 252 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए नाबाद 34 रन बनाए और टीम को जीत दिलाई। राहुल को मैच फिनिशर की भूमिका में भारतीय टीम ने इस्तेमाल किया। उन्होंने 4 पारियों में 140.00 की औसत के साथ 140 रन बनाए। वहीं अक्षर ने 5 पारियों में 109 रन बनाए और गेंदबाजी में 5 विकेट अपने नाम किए।

### ऐसी है टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ टीम

ICC ने अपनी सर्वश्रेष्ठ टीम में कोहली के अलावा श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, मोहम्मद शमी और वरुण चक्रवर्ती को भी चुना है।इनके अलावा अक्षर पटेल का चुनाव 12वें खिलाड़ी के तौर पर किया गया है।ऐसी है टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ टीमः रचिन रविंद्र, इब्राहिम जादरान, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, ग्लेन फिलिप्स, अजमतुल्लाह उमरजई, मिचेल सेंटनर (कप्तान), मोहम्मद शमी, मैट हेनरी और वरुण चक्रवर्ती।

### पुरस्कार समारोह में प्रतिनिधि नहीं बुलाए जाने पर पीसीबी खफा

लाहौर। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) दुबई में चैंपियंस ट्रॉफी टूर्नामेंट के समापन समारोह के दौरान अपने सीईओ और चैंपियंस ट्रॉफी टूर्नामेंट के निदेशक सुमैर अहमद सैयद को नजरअंदाज करने पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के सामने अपना विरोध दर्ज करेगा।

**यह था विवाद**

असल में फाइनल के बाद पुरस्कार वितरण समारोह में मेजबान पीसीबी अधिकारियों को आईसीसी द्वारा मंच पर नहीं बुलाने से विवाद पैदा हो गया। एक सूत्र ने कहा कि पीसीबी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सुमैर अहमद मैदान में मौजूद थे लेकिन उन्हें समारोह में नहीं बुलाया गया। वह टूर्नामेंट के निदेशक भी हैं। सूत्र ने कहा, पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी दुबई नहीं जा सके क्योंकि बतौर गृह मंत्री उनकी कुछ मसरूफियत थी लेकिन सीईओ को फाइनल और पुरस्कार वितरण में पाकिस्तान की नुमाइंदगी करने भेजा गया था।

# हॉकी इंडिया ने रिकॉर्ड इनामी राशि की घोषणा की



वार्षिक पुरस्कार

**एजेंसी । नई दिल्ली**

हॉकी इंडिया ने अपने सातवें वार्षिक पुरस्कारों के लिए 12 करोड़ रुपये की रिकॉर्ड पुरस्कार राशि की घोषणा की है। इसके लिए आठ श्रेणियों में 32 खिलाड़ियों को नामित किया गया है। वार्षिक पुरस्कार कार्यक्रम शनिवार को यहां आयोजित किया जाएगा। इसमें 2024 सत्र में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा।

### युवा भी होंगे दावेदार

पुरस्कार समारोह के प्रमुख आकर्षणों में से एक प्रतिष्ठित बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार है जो वर्ष के सर्वश्रेष्ठ पुरुष और महिला खिलाड़ी को दिया जाएगा। युवा खिलाड़ियों को भी पुरस्कृत किया जाएगा। जुगराज सिंह पुरस्कार वर्ष के उभरते हुए सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी जबकि असुंता लाकड़ा पुरस्कार वर्ष की उभरती हुई महिला खिलाड़ी को दिया जाएगा। विभिन्न भूमिकाओं में व्यक्तिगत उत्कृष्टता के लिए भी पुरस्कार दिए जाएंगे।

### विश्व कप विजय की याद पर

पुरस्कार उसी दिन दिए जाएंगे, जिस दिन 50 साल पहले 1975 में भारतीय पुरुष टीम ने विश्व कप जीता था, जो देश का अब तक का पहला और एकमात्र विश्व खिताब है। साथ ही 2025 में भारतीय हॉकी के 100 वर्ष भी पूरे हो रहे हैं क्योंकि देश को 7 नवंबर, 1925 को अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) से मान्यता मिली थी। इस दौरान भारत की ओलंपिक कांस्य पदक विजेता टीम को सम्मानित किया जाएगा।

# हैरी ब्रूक का दिल्ली कैपिटल्स से अनुबंध खत्म

**एजेंसी । लंदन**

इंग्लैंड के बल्लेबाज हैरी ब्रूक ने 22 मार्च से शुरू होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से पहले दिल्ली कैपिटल्स के साथ अपना अनुबंध समाप्त कर दिया है। इसके लिए उन पर इस टूर्नामेंट में खेलने पर दो साल का प्रतिबंध लग सकता है।

- 11 आईपीएल मुकाबलों में अब तक हैरी ने 190 रन बनाए हैं
- 02 साल पहले सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से किया पदार्पण

### लगातार दूसरा सत्र नहीं खेलेंगे

ब्रूक ने दादी के निधन के कारण आईपीएल के पिछले सत्र से भी नाम वापस ले लिया था। इस तरह यह लगातार दूसरा सत्र है जब इंग्लैंड के इस 26 वर्षीय खिलाड़ी ने आईपीएल के लिए खुद को अनुपलब्ध रखा है। इसके लिए उन्होंने फ्रेंचाइजी और उसके समर्थकों से माफी मांगी है। ब्रुक ने सोशल मीडिया पर लिखा, मैंने आईपीएल के अगले सत्र से हटने का मुश्किल फैसला किया है। मैं दिल्ली कैपिटल्स और उनके समर्थकों से बिना शर्त माफी मांगता हूं।

### कड़े हैं नियम

बीसीसीआई के आईपीएल से जुड़े नियमों के अनुसार अगर कोई विदेशी खिलाड़ी नीलामी में चुने जाने के बाद अनफिट नहीं होने की स्थिति में भी इस टूर्नामेंट में नहीं खेलता है तो उस पर आईपीएल में खेलने पर दो साल का प्रतिबंध लगाया जा सकता है। बीसीसीआई के पिछले साल टीमों के साथ साझा किए गए दस्तावेज़ के अनुसार, कोई भी (विदेशी) खिलाड़ी जो नीलामी के लिए पंजीकरण करता है और नीलामी में चुने जाने के बाद सत्र की शुरुआत से पहले खुद को अनुपलब्ध घोषित करता है तो उसे दो सत्र के लिए आईपीएल और आईपीएल नीलामी में भाग लेने से प्रतिबंधित कर दिया जाएगा।



### स्पेनिश पैरा बैडमिंटन में भारत को 21 पदक

नई दिल्ली। भारतीय पैरा शटलरों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्पेन के विटोरिया में स्पेनिश पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल 2025 (स्तर-दो) में सात स्वर्ण सहित कुल 21 पदक जीते है। रविवार को संपन्न हुई चैंपियनशिप में पेरिस पैरालंपिक चैंपियन कुमार नितेश और सुकांत कदम ने एसएल3 और एसएल4 वर्गों में स्वर्ण दिलाए। नितेश ने एसएल3 वर्ग के फाइनल में जापान के डेसुके फुजिहारा को जबकि सुकांत ने एसएल4 वर्ग में हमवतन तरुण को हराया। एसएच6 वर्ग में नित्याश्रे ने पोलैंड के स्जमिगेल को फाइनल में हराया। मिश्रित युगल में कृष्णा नागर और नित्याश्री ने स्वर्ण पदक जीता। नितेश कुमार-मनीषा रामदास ने एसएल3-एसयू5 श्रेणी में भारत के खाते में एक और स्वर्ण डाला। अल्फिया जेम्स ने महिला एकल फाइनल में स्विट्जरलैंड की इलारिया ओल्गियाती को कड़ी टक्कर दी लेकिन उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा।




# ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन का आज से आगाज



**एजेंसी । बर्मिंघम**

बैडमिंटन का सबसे प्रतिष्ठित टूर्नामेंट ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप मंगलवार से शुरू हो रहा है। ओलंपिक और विश्व चैंपियनशिप के बाद यह सबसे प्रतिष्ठित टूर्नामेंट माना जाता है।

- टूर्नामेंट में शटलरों के सामने कड़ी चुनौती
- 24 साल पहले पुलेला गोपीचंद के बाद से कोई भारतीय नहीं जीत सका खिताब

### भारतीय खिलाड़ियों के सामने कड़ी परीक्षा

भारतीय खिलाड़ी चोटों, खराब फॉर्म और अन्य चुनौतियों से जूझ रहे हैं। प्रकाश पादुकोण (1980) और पुलेला गोपीचंद (2001) की ऐतिहासिक जीत के बाद से कोई भी भारतीय इस खिताब को जीतने में सफल नहीं हुआ है। साइना नेहवाल (2015) और लक्ष्य सेन (2022) उपविजेता रहे थे।

### सिंधु, लक्ष्य सेन और प्रणय पर नजरें

पीवी सिंधु हैमस्ट्रिंग की चोट से उबरकर वापसी कर रही हैं। वह पहले दौर में कोरिया की गा यून किम से भिड़ेंगी। लक्ष्य सेन जापान के कोकी वतनाबे के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। एचएस प्रणय फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव के खिलाफ उतरेंगे।

**02** नंबर गेम खिताब अब तक भारत के लिए प्रकाश पादुकोण और पुलेला गोपीचंद ने जीते

**24** साल की उम्र में पादुकोण ने 1980 में जीता था भारत के लिए पहला खिताब

### भारतीय दल

पुरुष एकल : एचएस प्रणय, लक्ष्य सेन
महिला एकल : पीवी सिंधु, मालविका बंसोड
पुरुष युगल : सात्विक साइराज रांकी रेड्डी-चिराग शेट्टी
महिला युगल : त्रीसा जॉली-गायत्री गोपीचंद, प्रिया कोंजेनगबम-श्रुति मिश्रा, तनीषा क्रैस्टो-अश्विनी पोनप्पा
मिश्रित युगल : सतीश कुमार करुणाकरन-आद्या वारियथ, तनीषा क्रैस्टो-ध्रुव कपिला, रोहन कपूर-रुथविका शिवानी गाडे

### युगल मुकाबलों में भारतीय चुनौती

सात्विक साईराज-चिराग शेट्टी की जोड़ी डेनमार्क के डेनियल लुंडगार्ड-मैड्स वेस्टरगार्ड के खिलाफ खेलेगी। त्रीसा जॉली-गायत्री गोपीचंद चीनी ताइपे की शुओ युन सुंग-चिएन हुई यू से भिड़ेंगी। पोनप्पा-तनिषा क्रास्टो ताइपे की जोड़ी पेई शान हसीह-एन त्जु हंग से मुकाबला करेंगी।

# 'खतरों के खिलाड़ी 15' में नजर आ सकती मल्लिका



अभिनेत्री मल्लिका शेरावत को पिछली बार राजकुमार राव और तृप्ति डिमरी के साथ फिल्म 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' में देखा गया था, जिसमें उनके काम को काफी सराहा गया। हालांकि, बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी। अब खबर आ रही है कि मल्लिका जल्द ही रोहित शेट्टी का स्टंट पर आधारित रियलिटी शो 'खतरों के खलाड़ी' के 15वें सीजन में नजर आएंगी। वह इस शो का हिस्सा बनने को लिए काफी उत्साहित हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मल्लिका स्टंट पर आधारित रियलिटी शो 'खतरों के खिलाड़ी 15' में बतौर प्रतियोगी भाग लेने के लिए तैयार हैं। निर्माताओं ने हाल ही में अभिनेत्री से संपर्क किया था और इस सीजन में दिलचस्पी दिखाई है। बता दें कि इससे पहले भी मल्लिका को यह शो ऑफर किया गया था, लेकिन व्यस्त शेड्यूल के चलते वह इसमें भाग नहीं ले पाईं। हालांकि, इस साल उनकी तरफ से चीजें सकारात्मक दिख रही हैं।

### एल्विश यादव भी आएंगे नजर




मल्लिका के अलावा 'खतरों के खिलाड़ी 15' में एल्विश यादव, अविनाश मिश्रा, ओरी, दिग्विजय सिंह, ईशा सिंह, चुम दरंग, सिद्धार्थ निगम, बसीर अली, गुलकी जोशी और भाविका शर्मा सहित कई अन्य सितारे नजर आ सकते हैं। मोहसिन खान को शो का हिस्सा बनने के लिए संपर्क किया गया है। बता दें कि 'खतरों के खिलाड़ी 15' की शूटिंग मई 2025 में शुरू होने वाली है और इस साल जून या जुलाई के आसपास इसका प्रीमियर होने की उम्मीद है।

# अब 16 मई को आएगी 'केसरी वीर'




अभिनेता सुनील शेट्टी काफी समय से अपनी आगामी फिल्म 'केसरी वीर' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। इसमें सूरज पंचोली और विवेक ओबेरॉय भी मुख्य भूमिका में होंगे। आकांक्षा शर्मा भी इस फिल्म का अहम हिस्सा हैं। इस फिल्म का पूरा नाम है 'केसरी वीरः लीजेंड ऑफ सोमनाथ'। कनु चौहान इस फिल्म के निर्माता हैं। फिल्म पहले 14 मार्च, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी, लेकिन दर्शकों को अब इस फिल्म के लिए लंबा इंतजार करना पड़ेगा। 'केसरी वीर' अब 16 मई, 2025 को रिलीज होगी। फिल्म के निर्देशन की कमान प्रिंस धीमान ने संभाली है। निर्माताओं ने पोस्टर साझा करते हुए लिखा, 'केसरी वीर के लिए प्यार और उत्साह देखकर हम अभिभूत हैं। दुनियाभर में और प्रभावशाली रूप से लॉन्च करने के लिए हम अब रिलीज तारीख को 16 मई 2025 कर रहे हैं।' 'केसरी वीर' की कहानी उन गुमनाम योद्धाओं की है, जिन्होंने 14वीं शताब्दी में सोमनाथ मंदिर की बहादुरी से रक्षा की थी।

# 'मां' बनेंगी काजोल



पिछली बार काजोल फिल्म 'दो पत्ती' में नजर आई थीं, जिसमें उन्होंने एक पुलिस अधिकारी का किरदार निभाया था। यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है। अब काजोल ने अपनी नई फिल्म का ऐलान कर दिया है, जिसका नाम 'मां' है। इस फिल्म में बाल कलाकार खीरिन शर्मा भी नजर आएंगी। 'मां' का पहला पोस्टर सामने आ गया है, जिसमें काजोल और खीरिन की झलक दिख रही है। इसके साथ फिल्म की रिलीज तारीख से भी पर्दा उठ गया है। 'मां' 27 जून, 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है। काजोल ने पोस्टर साझा करते हुए लिखा, 'दस्तक शैतान ने दी और अब जवाब मां देगी। नर्क यहीं है... देवी भी यहीं है! लड़ाई शुरू होगी 27 जून 2025 से, आपके नजदीकी सिनेमाघरों में।' 'मां' के निर्देशन की कमान विशाल पुरिया ने संभाली है। उन्हें नुसरत भरुचा की फिल्म 'छोरी' के लिए जाना जाता है। फिल्म का निर्माण कोजाल के पति और अभिनेता अजय देवगन कर रहे हैं।

# 'मंडाला मर्डर्स' से जुड़ीं पिलगांवकर



अभिनेत्री वाणी कपूर काफी समय से वेब सीरीज 'मंडाला मर्डर्स' को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं, जिसके निर्देशन की कमान गोपी पुथरन ने संभाली है। यह सीरीज इसलिए खास है, क्योंकि इसके जरिए वाणी OTT की दुनिया में कदम रखने जा रही हैं। इस सीरीज में वाणी की जोड़ी अभिनेता वैभव राज गुप्ता के साथ बनी है, जिसे पहली बार देखा जाएगा। अब 'मंडाला मर्डर्स' की स्टार कास्ट में जानी-मानी अभिनेत्री श्रिया पिलगांवकर शामिल हो गई हैं।

**एक एपिसोड में नजर आएंगी श्रिया**

एक रिपोर्ट के अनुसार, 'मंडाला मर्डर्स' में श्रिया बेहद महत्त्वपूर्ण किरदार निभाएंगी, जिसे लेकर वह काफी उत्साहित हैं। वह सीरीज के केवल एक एपिसोड में नजर आएंगी और उनका अनदेखा अवतार सामने आएगा। फिलहाल इस खबर की आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है। 'मंगला मर्डर्स' का निर्माण यशराज फिल्म्स के बैनर तले हो रहा है। इसमें वाणी, श्रिया और वैभव के साथ सुरवीन चावला और जमील खान जैसे कलाकार भी अहम भूमिका में नजर आएंगे।

## न्यूज़ ब्रीफ

### विदेशी नागरिकों की उम्मीदवारी पर 13 को सुनवाई

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में विदेशी नागरिकों के चुनावों में प्रत्याशी बनने का मामला अब अदालत पहुंच गया है। इस मुद्दे पर कलकत्ता हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका (PIL) दायर की गई है, जिसमें चुनावी प्रक्रिया में विदेशी हस्तक्षेप के खतरों पर चिंता जताई गई है। हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच 13 मार्च को इस मामले की सुनवाई करेगी। यह याचिका माणिक फकीर नामक व्यक्ति ने दायर की है। उन्होंने इसमें विदेश मंत्रालय, भारत का चुनाव आयोग और पश्चिम बंगाल राज्य चुनाव आयोग को पक्षकार बनाया है। याचिका में मांग की गई है कि आगामी विधानसभा चुनावों में यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी विदेशी नागरिक फर्जी दस्तावेजों के आधार पर चुनाव न लड़ सके। याचिकाकर्ता ने 2023 के पंचायत चुनावों में पश्चिम बंगाल के मालदा जिले की ग्राम पंचायत प्रमुख लवली खातून का मामला उठाया है। आरोप है कि उनका असली नाम नासिया शेख है और वह 2015 में बांग्लादेश से आई थीं।

### सरकार ने संसद से मांगे अतिरिक्त 51,463 करोड़

**नई दिल्ली।** सरकार ने चालू वित्त वर्ष में लगभग 51,463 करोड़ रुपये के अतिरिक्त व्यय के लिए संसद से मंजूरी मांगी है। इन 51,462 करोड़ रुपये में से बड़ा हिस्सा पेंशन और फर्टिलाइजर की सब्सिडी में जाएगा। सरकार का कुल खर्च 6.78 लाख करोड़ रुपये है, जिनमें से 6.27 लाख करोड़ रुपये बचत और रिसीप्ट्स से मिलेंगे। अतिरिक्त खर्च को मंजूरी के लिए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने प्रस्ताव सदन में पेश किया। अतिरिक्त खर्च में से 12 हजार करोड़ रुपये फर्टिलाइजर सब्सिडी पर और 13,449 करोड़ रुपये सरकारी कर्मचारियों की पेंशन पर खर्च होंगे।

### सुप्रीम कोर्ट ने 'डमी' उम्मीदवार बिठाने वालों की जमानत याचिका खारिज की

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने भर्ती परीक्षा में डमी उम्मीदवार बिठाने के मामले में सोमवार को दो आरोपियों की जमानत याचिका खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा कि ऐसे अपराधों से लोगों का प्रशासन और कार्यपालिका पर विश्वास कमजोर हो सकता है। जस्टिस संजय करोल और अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने राजस्थान हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली राज्य सरकार की याचिका स्वीकार की। कोर्ट ने कहा कि भर्ती प्रक्रिया की पारदर्शिता से छेड़छाड़ समाज में अविश्वास पैदा कर सकती है।

# ना घर के, ना घाट के रहे ललित मोदी



- वानुअतु की नागरिकता रद्द
- पीएम जोथम ने पासपोर्ट कैंसिल करने का दिया आदेश

**एजेंसी । नई दिल्ली**

इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) के पूर्व कमिश्नर ललित मोदी को बड़ा झटका लगा है। वानूआतू के प्रधानमंत्री जोथम नापाट ने ललित मोदी का पासपोर्ट रद्द करने का आदेश दिया है। वानूआतू की सरकार ने कहा है कि 'केवल प्रत्यर्पण से बचने के लिए दक्षिण प्रशांत महासागर के देश की नागरिकता नहीं दी जा सकती।

#### जानिए पूरा मामला

ललित मोदी 2005 से 2009 तक राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन का अध्यक्ष था। 2008 में ललित ने इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) शुरू किया। BCCI ने ललित को IPL का अध्यक्ष और कमिश्नर बनाया। 2010 में ललित पर IPL में करप्शन 125 करोड़ रुपए कमीशन लेने के आरोप लगे। 2010 में BCCI ने ललित को सस्पेंड कर दिया।

#### इसलिए पासपोर्ट रद्द करने का दिया आदेश

रिपोर्ट के मुताबिक, वनुआतु को बाद में पता चला कि ललित मोदी भारत का भगोड़ा कारोबारी है। ललित भारत में प्रत्यर्पण से बचने की कोशिश कर रहा है। इसे लेकर अंतरराष्ट्रीय मीडिया में कई रिपोर्ट्स छपी थीं। अंतर्राष्ट्रीय मीडिया में हुए खुलासों के बाद ललित मोदी का पासपोर्ट रद्द करने का फैसला लिया है।

#### ▶▶ भारतीय पासपोर्ट सरेंडर करने के लिए किया आवेदन

- ललित मोदी ने वानूआतू की नागरिकता ले ली। इसके बाद भारतीय पासपोर्ट को सरेंडर करने के लिए आवेदन किया। विदेश मंत्रालय ने 7 मार्च को बताया था कि ललित ने लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग में पासपोर्ट जमा किया था। सोमवार को वानूआतू के प्रधानमंत्री ने ललित मोदी का पासपोर्ट रद्द करने का आदेश दिया है।

#### ▶▶ खिलाड़ियों की बोली में हेराफेरी सहित कई केस

- 2010 में ही अंडरवर्ल्ड से धमकियों का हवाला देते हुए ललित मोदी भारत से भाग कर लंदन चला गया। ED ने उसके खिलाफ 'ब्लू कॉर्नर' नोटिस जारी किया। उसका पासपोर्ट भी रद्द कर दिया। ललित लंदन में रह रहा था। उसके खिलाफ IPL में खिलाड़ियों की बोली में हेराफेरी, मनी लॉन्ड्रिंग और विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम यानी FEMA के उल्लंघन का मामला चल रहा है।

#### डीबीडी इंफो: वानुअतु के कुछ फैक्ट्स

- वानूआतू दक्षिण प्रशांत महासागर में स्थित एक द्वीप देश है। यह 82 द्वीपों से बना एक द्वीपसमूह है, जिनमें से केवल 65 पर ही आबादी है। ये ऑस्ट्रेलिया के पूर्व और न्यूजीलैंड के उत्तर में या ऑस्ट्रेलिया और फिजी के बीच में स्थित है। इसकी राजधानी और सबसे बड़ा शहर पोर्ट विला है, जो इफेट द्वीप पर स्थित है। वीजा इंडेक्स के अनुसार, वानूआतू पासपोर्ट होल्डर 56 देशों में बिना वीजा के यात्रा कर सकते हैं।
- वानूआतू अपने नागरिकों पर कोई व्यक्तिगत कर नहीं लगाता है। इसका मतलब है कि आप जो भी आय कमाते हैं, चाहे वह स्थानीय हो या अंतरराष्ट्रीय वानूआतू सरकार की ओर से टैक्सेशन से पूरी तरह मुक्त है। देश में न तो विरासत कर है और न ही कॉर्पोरेट कर। इसका मतलब यह है कि अगर किसी व्यक्ति का व्यवसाय वानूआजू में रजिस्टर्ड है, लेकिन देश के बाहर से आय अर्जित करता है, तो उसे उन आय पर कॉर्पोरेट करों के अधीन नहीं होना पड़ेगा।
- वानूआतू एक इन्वेस्टमेंट प्रोग्राम के तहत अपनी नागरिकता बेचता है। लगभग 1 करोड़ रुपए खर्च करके इस देश की नागरिकता हासिल की जा सकती है। इस प्रोग्राम के तहत 1 हफ्ते के अंदर पैसा जमा कराने के बाद आप यहां के नागरिक बन सकते हैं। इसके अलावा यहां दोहरी नागरिकता भी हासिल की जा सकती है।
- वानूआतू के पासपोर्ट पर 55 देश वीजा फ्री एक्सेस देते हैं। वहीं 34 देश वीजा ऑन अराइवल की सुविधा देते हैं। इसके अलावा यह देश टैक्स हेवन भी है, जिसके चलते पिछले कुछ समय से यहां की नागरिकता लेने का चलन बढ़ा है। वानूआतू का नागरिक बनने के लिए इस देश में रहना भी जरूरी नहीं है।



# महाकुंभ में स्नान के लिए उपयुक्त था गंगा-यमुना का पानी

### ▶▶ सीपीसीबी ने एनजीटी में पेश की नई रिपोर्ट

**एजेंसी । नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने हाल में संपन्न महाकुंभ के दौरान प्रयागराज में त्रिवेणी संगम पर गंगा के पानी को स्नान के लिए उपयुक्त बताया है। लोकसभा में सोमवार को केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB) की नई रिपोर्ट का हवाला देते हुए यह जानकारी दी गई।

#### अपशिष्ट जल रोकने के लिए उठाए गए कदम

- सरकार ने बताया कि प्रयागराज में स्थापित 10 जलमल शोधन संयंत्र (एसटीपी) और सात जियोसिंथेटिक डीवाटरिंग ट्यूब (जियो-ट्यूब) का इस्तेमाल जल शुद्धता बनाए रखने के लिए किया गया। उत्तर प्रदेश जल निगम ने उन्नत ऑक्सीकरण तकनीकों का उपयोग कर गंगा में अनुपचारित जल के प्रवाह को रोका।

#### गंगा सफाई के लिए 7,421 करोड़ रुपये आवंटित

सरकार ने बताया कि 2022-23, 2023-24 और 2024-25 (9 मार्च तक) में राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन को कुल 7,421 करोड़ रुपये मुहैया कराए गए। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने बताया कि सीपीसीबी की रिपोर्ट के अनुसार, महाकुंभ के दौरान प्रयागराज में जल गुणवत्ता स्नान के लिए स्वीकार्य मानकों के भीतर थी।

#### स्नान जल गुणवत्ता पर निगरानी

एनजीटी के निर्देश पर 12 जनवरी से जल गुणवत्ता की नियमित निगरानी की गई। संगम नोज सहित सात स्थानों पर सप्ताह में दो बार पानी के नमूने लिए गए। शुरू में 3 फरवरी की रिपोर्ट में जल में उच्च फीकल कॉलीफॉर्म स्तर की बात कही गई थी, लेकिन 28 फरवरी की संशोधित रिपोर्ट में पानी को स्नान के लिए उपयुक्त बताया गया।

## 'अहंकारी' हैं प्रधान, संभालें अपनी जुबान

### तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन का धर्मेंद्र प्रधान पर तीखा हमला

**एजेंसी । चेन्नई**

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने सोमवार को केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान पर तीखा हमला बोलते हुए उन्हें 'अहंकारी' बताया और अपनी भाषा पर नियंत्रण रखने की नसीहत दी। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु सरकार केंद्र की 'पीएम श्री' योजना को लागू नहीं कर रही है, इसलिए राज्य को इसे स्वीकार करने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता। स्टालिन ने सोशल मीडिया पर प्रधान को घेरते हुए कहा, ₹बस यह बताइए कि तमिलनाडु के विद्यार्थियों के लिए एकत्र किया गया फंड जारी कर सकते हैं या नहीं?₹ उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्रीय मंत्री तमिलनाडु के सांसदों को निशाना बना रहे हैं और राज्य के लोगों का अपमान कर रहे हैं।



#### 'नागपुर के आदेशों' पर काम करने का आरोप

प्रधान द्वारा तमिलनाडु के शिक्षा नीतियों को लेकर लिखे पत्र का जवाब देते हुए स्टालिन ने कहा कि द्रमुक सरकार जनता की इच्छाओं का सम्मान करती है, जबकि भाजपा नेता 'नागपुर के आदेशों' से बंधे रहते हैं।

#### संसद में हंगामा, कार्यवाही स्थगित

प्रधान की टिप्पणी पर द्रमुक सांसदों के विरोध के बाद लोकसभा की कार्यवाही 30 मिनट के लिए स्थगित करनी पड़ी। प्रधान ने तमिलनाडु सरकार पर 'पीएम श्री' योजना के कार्यान्वयन को लेकर ₹बेईमान₹ होने का आरोप लगाया था, जिससे विवाद और गहरा गया।

गोल्ड स्मगलिंग केस

## कन्नड़ एक्ट्रेस रान्या राव पर बड़ा खुलासा




**बेंगलुरु।** कन्नड़ अभिनेत्री रान्या राव उर्फ हर्षवर्धिनी रान्या, जो हाल ही में गोल्ड स्मगलिंग मामले में गिरफ्तार हुई हैं, स्टील प्लांट लगाने की योजना बना रही थीं। कर्नाटक सरकार ने फरवरी 2023 में उनकी फर्म ₹क्षीरोडा इंडिया₹ को 12 एकड़ जमीन आवंटित की थी। कर्नाटक औद्योगिक क्षेत्र विकास बोर्ड (KIDB) के अनुसार, तुमकुरु जिले के सिरा औद्योगिक क्षेत्र में रान्या की कंपनी को यह जमीन दी गई थी। उनकी योजना 138 करोड़ रुपये के निवेश से स्टील प्लांट स्थापित करने की थी, जिससे 160 लोगों को रोजगार मिलने की उम्मीद थी। इस मामले ने राजनीतिक रंग ले लिया है। कर्नाटक के उद्योग मंत्री एम. बी. पाटिल के कार्यालय से बयान जारी कर स्पष्ट किया गया कि रान्या को यह जमीन भाजपा सरकार के दौरान मिली थी।

## गुलमर्ग में मॉडल्स ने खुले में किया रैंप वॉक

### उमर अब्दुल्ला ने दिए जांच के आदेश

**एजेंसी । श्रीनगर**



कश्मीर के गुलमर्ग में 8 मार्च को हुए फैशन शो पर विवाद गहरा गया है। आरोप है कि रमजान के महीने में बर्फ पर रैंप वॉक कराई गई, जिससे स्थानीय लोगों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंची। सोशल मीडिया पर तस्वीरें वायरल होने के बाद इसका विरोध शुरू हो गया। जम्मू-कश्मीर विधानसभा में नेशनल कॉन्फ्रेंस (NC) और कांग्रेस के विधायकों ने इस मुद्दे पर चर्चा की मांग की। बढ़ते विवाद को देखते हुए CM उमर अब्दुल्ला ने फैशन शो की जांच के आदेश दिए और कहा कि यह एक निजी आयोजन था, जिसके लिए सरकार से अनुमति नहीं ली गई थी। उन्होंने कहा, ₹जो कुछ भी हुआ, वह रमजान के महीने में आयोजित नहीं किया जाना चाहिए था। जरूरत पड़ी तो पुलिस कार्रवाई करेगी। यह शो फैशन डिजाइनर जोड़ी शिवान और नरेश ने आयोजित किया था।



"रमजान के पवित्र महीने में इस तरह का आयोजन एक अभद्र तमाशे में तब्दील हो गया, जो चौंकाने वाला है। यह निंदनीय है कि निजी होटल व्यवसायियों को इन आयोजनों के माध्यम से ऐसी अश्लीलता को बढ़ावा देने की अनुमति दी जाती है, जो हमारे सांस्कृतिक मूल्यों के बिल्कुल विपरीत है। सरकार निजी मामला बताकर जिम्मेदारी से नहीं भाग सकती।

– महबूबा मुफ्ती, PDP प्रमुख



"यह बेहद शर्मनाक है। रमजान के पवित्र महीने में गुलमर्ग में एक अश्लील फैशन शो आयोजित किया गया। फोटो-वीडियो देखकर लोगों में गुस्सा फैल गया। सूफी, संत संस्कृति और लोगों के गहरे धार्मिक दृष्टिकोण के लिए जानी जाने वाली घाटी में इसे कैसे बर्दाश्त किया जा सकता है? इसमें शामिल लोगों पर कार्रवाई होनी चाहिए।

उमर फारूक, हुर्रियत कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष

## शाकाहारी थाली सस्ती, मांसाहारी थाली महंगी

### क्रिसिल रिपोर्ट में किया गया दावा

**एजेंसी । नई दिल्ली**

बीते कुछ महीनों से शाकाहारी और मांसाहारी दोनों थालियों की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा जा रहा है। क्रिसिल (Crisil) की 'रोटी राइस रेट' रिपोर्ट के मुताबिक, फरवरी में मासिक आधार पर दोनों थालियों की कीमत घटी, लेकिन सालाना तुलना में शाकाहारी थाली सस्ती और मांसाहारी थाली महंगी हुई है।

जनवरी 2025 में शाकाहारी थाली की कीमत 28.7 रुपये थी, जो



फरवरी में घटकर 27.2 रुपये रह गई। सालाना आधार पर भी यह 27.5 रुपये से घटकर 27.2 रुपये हो गई, यानी 1% सस्ती हुई। टमाटर (28% सस्ता) और एलपीजी (11% सस्ता) होने से कीमत गिरी। हालांकि, प्याज (16%) और आलू (18%) महंगे होने से ज्यादा गिरावट नहीं आई। फरवरी में मांसाहारी थाली की कीमत मासिक आधार पर 5% घटी, लेकिन सालाना आधार पर 6% महंगी हुई। ब्रॉयलर चिकन के दाम 15% बढ़ने के कारण सालाना आधार पर महंगाई दर्ज की गई।

संसद में उठा मतदाता सूची में गड़बड़ी का मामला

## राहुल गांधी ने केंद्र से जवाब मांगा

**एजेंसी । नई दिल्ली**

**संसद के बजट सत्र के दूसरे चरण की शुरुआत के साथ ही मतदाता सूची में गड़बड़ी का मुद्दा गरमा गया। सोमवार को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने केंद्र सरकार से इस पर चर्चा की मांग की और कहा कि महाराष्ट्र समेत कई राज्यों में मतदाता सूची में अनियमितताओं को लेकर सवाल उठ रहे हैं। राहुल गांधी ने मतदाता सूची की पारदर्शिता पर बहस की मांग की, जिस पर लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने चुटकी लेते हुए पूछा कि ₹क्या मतदाता सूची सरकार बनाती है?₹ राहुल ने जवाब देते हुए कहा, ₹पूरे देश में मतदाता सूची पर सवाल उठे हैं, खासकर महाराष्ट्र में। विपक्ष मांग करता है कि इस पर संसद में चर्चा हो।₹**



"पूरा विपक्ष संसद में वोटर लिस्ट पर विस्तृत चर्चा की मांग कर रहा है। महाराष्ट्र की वोटर लिस्ट में गड़बड़ियों को लेकर मेरी प्रेस कॉन्फ्रेंस को एक महीना हो गया, लेकिन चुनाव आयोग ने अभी तक पारदर्शिता की हमारी मांगों को पूरा नहीं किया है।

राहुल गांधी, नेता प्रतिपक्ष

#### क्या है मतदाता सूची विवाद?

फरवरी में राहुल गांधी, संजय राउत और सुप्रिया सुले ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के दौरान मतदाताओं की संख्या में असामान्य वृद्धि का दावा किया। उन्होंने कहा कि राज्य की कुल वयस्क आबादी से अधिक संख्या में मतदाता सूची में नाम जोड़े गए। आम आदमी पार्टी ने भी दिल्ली विधानसभा चुनाव के दौरान इसी तरह की गड़बड़ी के आरोप लगाए।

प.बंगाल में भाजपा और शुभेंदु अधिकारी को बड़ा झटका

## हल्दिया से विधायक तापसी टीएमसी में शामिल

**एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल के हल्दिया से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की विधायक तापसी मंडल ने तृणमूल कांग्रेस का दामन थाम लिया है। तापसी मंडल नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी की करीबी सहयोगी कही जाती थीं। तापसी मंडल के तृणमूल कांग्रेस में शामिल होने के फैसले से न केवल पूर्वी मेदिनीपुर में भाजपा को झटका लगा है, बल्कि पार्टी के विधायक दल को भी इससे नुकसान होगा। राज्य में अगले साल की शुरुआत में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए उन्हें महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई थी। पूर्व मेदिनीपुर



अधिकारी का गढ़ माना जाता है और यहां बंदरगाह शहर हल्दिया स्थित है। वह राज्य के ऊर्जा मंत्री अरूप बिस्वास की उपस्थिति में कोलकाता स्थित तृणमूल कांग्रेस के मुख्यालय में पार्टी में शामिल हुईं। मंडल ने बार-बार पार्टी बदलने के अपने फैसले को सही ठहराते हुए कहा, 'मैंने मुख्यमंत्री की विकासात्मक पहल का हिस्सा बनने का फैसला किया है।'

# प्राइवेट हाथों में नहीं होगी भारतीय रेलवे की कमान

- अश्विनी वैष्णव ने राज्यसभा में पेश किया रेलवे संशोधन विधेयक
- निजीकरण के आरोप को बताया फेक नैरेटिव

**एजेंसी । नई दिल्ली**

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोकसभा में रेलवे (संशोधन) विधेयक, 2024 पेश किया, जिसमें भारतीय रेलवे के कामकाज और ऑटोनॉमी को बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण बदलावों का प्रस्ताव किया गया है। इस दौरान रेलवे निजीकरण और स्वायत्तता पर इसके प्रभाव पर बहस हुई। बहस के दौरान रेल मंत्री ने कहा कि इस विधेयक का उद्देश्य रेलवे बोर्ड को वैधानिक शक्तियां प्रदान करना और रेलवे संचालन को सुव्यवस्थित करना है। वैष्णव ने इस बात पर जोर दिया कि विधेयक का उद्देश्य भारतीय रेलवे बोर्ड अधिनियम, 1905 को रेलवे अधिनियम, 1989 में विलय करके भारतीय रेलवे में दक्षता लाना और इसके कानूनी ढांचे को सरल बनाना है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने निचले सदन में कहा कि एक झूठी कहानी फैलाई गई थी कि संशोधन से रेलवे का निजीकरण हो जाएगा।

#### बिल पर एक नजर

#### बिल के अहम उद्देश्य

बिल का अहम उद्देश्य रेलवे बोर्ड को वैधानिक समर्थन प्रदान करने के लिए रेलवे अधिनियम, 1989 में संशोधन करना है, जो अपनी स्थापना के बाद से बिना किसी मंजूरी के काम कर रहा है। इसके अलावा इसका मकसद परिचालन दक्षता में सुधार करना और शक्तियों का विकेंद्रीकरण और रेलवे क्षेत्रों को अधिक स्वायत्तता प्रदान करना भी है। इस बिल में टैरिफ, सुरक्षा और निजी क्षेत्र की भागीदारी सहित भारतीय रेलवे के विभिन्न पहलुओं की देखरेख के लिए एक स्वतंत्र नियामक की स्थापना करने के लिए भी पेश किया गया है।

#### स्वतंत्र विनियामक

इस विधेयक में हितधारकों के हितों की रक्षा करने और प्रतिस्पर्धा को प्रोत्साहित करने के लिए एक स्वतंत्र विनियामक (Independent Regulator) के निर्माण के प्रावधान शामिल हैं. इस तरह के विनियामक के लिए सिफारिशें सबसे पहले 2015 में रेलवे के पुनर्गठन पर समिति द्वारा की गई थीं।

#### क्षेत्रों को स्वायत्तता

रेलवे क्षेत्रों के लिए स्वायत्तता (Autonomy) बढ़ाने की मांग लंबे समय से चली आ रही है, जिसका समर्थन 2014 की श्रीधरन समिति सहित विभिन्न समितियों ने किया है। विधेयक में वित्तीय और परिचालन निर्णय लेने का काम क्षेत्रों को सौंपने का प्रस्ताव है।



#### ▶▶ रेलवे बोर्ड की नियुक्ति

सरकार रेलवे बोर्ड के सदस्यों की संख्या, योग्यता और सर्विस की शर्तें तय करेगी। यह बोर्ड के अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति प्रक्रिया की देखरेख भी करेगी, जिससे शासन और जवाबदेही को सुव्यवस्थित किया जा सकेगा।

#### विपक्ष की चिंताएं

बिल पर बहस करने के दौरान विपक्षी नेताओं ने कई चिंताएँ उठाई। इनमें निजिकरण की आशंका सबसे अहम है। कांग्रेस सांसद मनोज कुमार ने तर्क दिया कि विधेयक भारतीय रेलवे के लिए निजीकरण का रास्ता खोल सकता है, जिससे गरीबों के लिए इसकी पहुंच कम हो सकती है।

# असम सरकार ने पेश किया अंतिम पूर्ण बजट

### गरीबों के अकाउंट में डालेगी पैसे, नई नौकरियां और सब्सिडी का ऐलान

**एजेंसी । इंफाल**

असम की हिमंत बिस्वा सरकार ने सोमवार को आगामी विधानसभा चुनावों से पहले अपना अंतिम पूर्ण बजट पेश किया। इसमें मौजूदा लाभार्थी योजनाओं का दायरा बढ़ाने और अधिक सरकारी नौकरियों, सड़कों तथा शैक्षिक संस्थानों की घोषणा की गई। साथ ही 37 लाख गरीब परिवारों को बड़ी राहत देते हुए उनके खाते में मासिक रकम डालने की भी घोषणा की। वित्त मंत्री अजंता नियोग ने 2025-26 वित्तीय वर्ष के लिए 620.27 करोड़ रुपये के घाटे के साथ बजट पेश किया।




#### गरीब परिवारों को आर्थिक मदद

वित्त मंत्री ने बताया कि सरकार की प्रमुख योजना ₹अरुणोदई₹ योजना, जो आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को 1250 रुपये देती है, अब 3.72 मिलियन परिवारों तक बढ़ाई जाएगी, जो पहले 2.4 मिलियन थी। इसके लिए बजट में 5000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

#### बिजली दरों में छूट

नियोग ने घरेलू बिजली उपभोक्ताओं के लिए 120 यूनिट तक की खपत पर प्रति यूनिट 1 रुपये की कमी की घोषणा की, जिससे 48 लाख उपभोक्ताओं को लाभ होगा। इससे राज्य खजाने पर 300 करोड़ रुपये का खर्च आएगा।